सुधी पाठकों को 'द फोटोन न्यूज' के तृतीय स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Monday, 13 January 2025 ● Year : 03 ● Issue : 01 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Triptii Dimri Hints That A Hero...
12

SARAFA

सोना	:	7,495
चांदी	:	101.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

श्रीलंकाई नौसेना ने आठ मछुआरों को किया अरेस्ट

NEW DELHI : श्रीलंकाई नौसेना ने द्वीपीय राष्ट्र (श्रीलंका) के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ ही मछली पकड़ने वाली दो नौकाओं को जब्त कर लिया है। यह जानकारी श्रीलंकाई नौसेना द्वारा रविवार को जारी एक विज्ञप्ति से मिली। श्रीलंका की नौसेना ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि ये गिरफ्तारियां शनिवार रात को मन्नार के उत्तर के समुद्री क्षेत्र में शुरू किए गए एक विशेष अभियान के दौरान हुईं। बयान में कहा गया है कि इन गिरफ्तारियों के साथ ही इस वर्ष अब तक 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया जा चुका है और तीन नौकाएं जब्त की जा चुकी हैं। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि 11 जनवरी की रात को उसकी उत्तर-मध्य कमान ने भारतीय मछुआरों की कुछ नौकाओं को देखा जो श्रीलंका के समुद्री क्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ रहे थे। उसने कहा कि कमान ने मन्नार के उत्तर समुद्री क्षेत्र से भारतीय मछुआरों की नौकाओं खदेड़ने के लिए अपने गश्ती जहाजों को भेजा।

मलेशिया में गिरिडीह के प्रवासी श्रमिक की मौत

GIRIDIH : जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के एक प्रवासी मजदूर उमेश सिंह (35) की मलेशिया में मौत हो गई। रविवार को सुबह में उसकी मौत होने की सूचना परिजनों को मिली । बताया गया कि शनिवार रात 10 बजे ही युवक ने वीडियो कॉल से अपने परिजनों से बात की थी। परिजनों को क्या पता था कि सात घंटे बाद उन्हें उसकी मौत की खबर मिलेगी। मृतक डुमरी थाना क्षेत्र के चीनो निवासी चेतलाल सिंह के पुत्र हैं। वह मलेशिया में एफजीभी कंपनी में काम करता था।उसकी मौत कैसे हुई इसकी जानकारी परिजनों को नहीं मिली है। मृतक परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उमेश सिंह अपने पीछे पत्नी और बेटी किरन कुमारी (17), पूजा कुमारी(13)और बेटा पप्पू कुमार (15) को छोड़ गया है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया है और गांव में भी शोक की लहर है। इस बीच प्रवासी श्रमिकों के हितों को लेकर अनवरत काम करने वाले सिकन्दर अली ने सरकार से शव मंगवाने की मांग की है।

डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे जयशंकर

NEW DELHI : पिछले साल 5 नवबंर को हुए अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में निर्वाचित होने वाले डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ट्रंप-वेंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री आने वाले प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ उस अवसर पर अमेरिका का दौरा करने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठकें भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि 78 वर्षीय ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर वे 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे (भारतीय समयानुसार रात्रि 10.30) शपथ लेंगे।

प्रयागराज में तैयार हो चुके हैं महाकुंभ स्नान के लिए सभी घाट

MAHAKHUMBH NAGAR @ PTI : संगम की रेती पर हो रहा विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम महाकुंभ सोमवार के स्नान पर्व से प्रारंभ होने जा रहा है। इसके लिए मेला प्रशासन ने पूरी तरह से तैयारी का दावा किया है। हालांकि अभी कई जगहों पर कार्य प्रगति पर है। स्नान से एक दिन पूर्व सभी घाट स्नान के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस बार संगम तट के अलावा नदी के बीच में कई ह्यचेंजिंग रूमह्न बनाए गए हैं और सभी नाविकों को यात्रियों के लिए ह्यलाइफ जैकेटह्न दिए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नाव के किराए की दर का बोर्ड भी लगाया गया है। बता दें कि महाकुंभ का स्नान पर्व 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के साथ प्रारंभ होकर 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक चलेगा। इस अवधि में मुख्य स्नान पर्व 14 जनवरी (मकर संक्रांति) 29 जनवरी (मौनी अमावस्या) और तीन फरवरी (बसंत पंचमी) का है। संगम क्षेत्र में स्नान के लिए भारी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं को लेकर उत्साहित नाविक विष्णु निषाद ने कहा, इस बार का कुम्भ मेला हम नाविकों के जीवन में खुशी की लहर लेकर आया है। मेला प्रशासन द्वारा किराया बढ़ाने से सभी नाविक उत्साहित हैं। स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को विशेष महत्व देते हुए महाकुंभ में पहली बार अंडर वॉटर ड्रोन तैनात किया गया है, जो 24 घंटे पानी के भीतर हर गतिविधियों की निगरानी करने में सक्षम है।

आज से शुरू हो रहा दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम, संगम तट के अलावा नदी के बीच में बनाए गए हैं कई चेंजिंग रूम

35 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद



महाकुंभ-2025 में प्रमुख स्नान की शुरुआत से पहले, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि संगम (गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों) के आसपास होने वाले 45 दिवसीय इस महा आयोजन में 35 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। सिंह ने यह भी कहा कि मौनी अमावस्या के दौरान, अनुमानित 4-5 करोड़ भक्तों के प्रयागराज में पहुंचने और स्नान में भाग लेने की उम्मीद है। सिंह ने बताया कि महाकुंभ के लिए राज्य का बजट लगभग 7,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा, पिछला कुंभ स्वच्छता के लिए जाना जाता था। इस बार यह स्वच्छता, सुरक्षा और डिजिटल कुंभ है।

24 घंटे तैनात रहेंगे गोताखोर

प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक (पूर्वी जोन) डॉक्टर राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि पानी के अंदर बेहद तेज गति से काम करने वाले इस ड्रोन की सबसे खास बात यह है कि यह अंधेरे में भी लक्ष्य पर सटीक नजर रखने और पानी के नीचे 100 मीटर गहराई तक टोह लेने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि यहां 700 झंडे लगी नावों पर 24 घंटे प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) व राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के जवान तैनात रहेंगे।

नागा साधुओं से मिल रहे लोग

सेक्टर 18 में अखाड़ों विशेषकर जूना अखाड़ा के शिविरों की कुटिया में धुनी रमाए नागा साधुओं को देखने और उनसे मिलने के लिए बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। महाकुंभ के मुख्य आकर्षण इन अखाड़ों को बसाने में मेला प्रशासन ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। इसी प्रकार, अपनी दिव्यता और भव्यता के लिए चर्चा में रहे पायलट बाबा, जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि और निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविरों में देसी और विदेशी अतिथियों का आगमन प्रारंभ हो चुका है और इनके शिविर पूरी तरह से तैयार हैं।

कटरा से प्रयागराज चलेंगी तीन विशेष ट्रेनें : जितेंद्र सिंह

NEW DELHI : रविवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के लिए माता वैष्णो देवी कटरा से तीन विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी। डॉ. सिंह ने एक्स पोस्ट में कहा कि महाकुंभ में भाग लेने के लिए प्रयागराज के लिए विशेष ट्रेन की घोषणा की जा रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे अधिकारियों ने महाकुंभ में भाग लेने वालों की सुविधा के लिए कटरा-प्रयागराज के बीच 3 विशेष ट्रेनों की योजना बनाई है। पहली विशेष ट्रेन 24 जनवरी के लिए तय की गई है जो कटरा श्री माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन से प्रयागराज के लिए रवाना होगी और 26 जनवरी को प्रयागराज से कटरा के लिए वापस आएगी। अगली दो ट्रेनों की समय-सारणी समय पर बता दी जाएगी।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर 3000 युवाओं के साथ संवाद में पीएम बोले-

भारत को जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा युवा शक्ति का सामर्थ्य

NEW DELHI @ PTI : रविवार को राष्ट्रीय युवा दिवस (विवेकानंद जयंती) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के नौजवानों के साथ उनका परम मित्र वाला नाता है और साथ ही विश्वास जताया कि युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा। भारत मंडपम में आयोजित विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि बड़े सपने देखना, एक मजबूत प्रतिबद्धता बनाना और एक निर्धारित समयसीमा के भीतर उन सपनों को प्राप्त करना पूरी तरह से संभव है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से योग्यता-आधारित, बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए 3,000 युवाओं के साथ संवाद भी किया। मोदी ने कहा, किसी भी देश की प्रगति के लिए उसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एक लक्ष्य के बिना जीवन अकल्पनीय है। लक्ष्य हमें उद्देश्य और प्रेरणा प्रदान करते हैं। जब हम महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो हम उन्हें पूरा करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। आज भारत इसी भावना को मूर्त रूप दे रहा है।

देश के नौजवानों के साथ 'परम मित्र' वाला बताया अपना नाता

- 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के जरिए चुने गए युवा
- भारत मंडपम में 'विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025' कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- प्राइम मिनिस्टर ने युवाओं को राजनीति में आने के लिए किया प्रेरित
- प्रगति के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने पर फोकस करना जरूरी

सपने को पूरा करने का खुला आसमान

प्रधानमंत्री ने कहा, जहां अच्छी कमाई और पढ़ाई के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। जहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी कौशल से लैस होगी। जहां युवाओं के पास अपने सपने पूरा करने के लिए खुला आसमान होगा। उन्होंने कहा, मुझे आप पर बहुत विश्वास है और इसी विश्वास ने मुझे ह्यमाय भारतह्न के गठन की प्रेरणा दी। इसी विश्वास ने विकसित भारत युवा नेता संवाद का आधार बनाया। मेरा विश्वास कहता है कि युवा शक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा।

विकास के लिए 25 साल का स्वर्णिम समय

प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण, खेल, संस्कृति, स्टार्टअप, बुनियादी ढांचे आदि जैसे विषयों पर प्रेरक प्रस्तुतियां सुनी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि केवल बात करने से ही विकसित भारत नहीं बनेगा। हमारे पास 25 साल का स्वर्णिम समय है। इस अमृत काल में आत्मविश्वास से भरी युवा शक्ति ही विकसित भारत का सपना सरकार करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और अगले दशक के अंत में यह 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी।

एमसीए ने महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर व विनोद कांबली को किया सम्मानित

वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर समारोह का किया गया आयोजन

MUMBAI @ PTI : रविवार को मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर और पूर्व खिलाड़ी विनोद कांबली समेत मुंबई के कुछ क्रिकेट नायकों को वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य समारोह 19 जनवरी को वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। गावस्कर रविवार को सम्मानित होने वाले मुंबई के पहले कप्तान थे, उन्हें एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने स्मृति चिह्न भेंट किया। गावस्कर ने कहा, इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में यहां आना मेरे लिए वास्तव में बहुत बड़ा सम्मान है जिसने भारतीय क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है और 2011 क्रिकेट विश्व कप का आयोजन तो सोने पर सुहागा रहा। वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के जश्न की शुरूआत का हिस्सा बनना, सम्मानजनक है। उन्होंने कहा, एक सलामी बल्लेबाज के रूप में मैं शुरूआत को मिस नहीं कर सकता था इसलिए मैं यहां उपस्थित हूं। मैं एमसीए को शुभकामनायें देना चाहता हूं और स्कूल क्रिकेट के बाद से मुझे मौका देने के लिए अपनी कृतज्ञता भी व्यक्त करना चाहता हूं। मैं जो कुछ भी हूं वह एमसीए के मुझे आगे बढ़ाने की वजह से हूं। मुझे यहां बुलाने के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज विनोद कांबली भी इस मौके पर मौजूद थे। स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण 21 दिसंबर को उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था, वह अब भी अपनी बीमारी से उबर रहे हैं, उन्हें अन्य लोगों द्वारा ले जाते हुए देखा गया। सम्मानित किये जाने के बाद कांबली ने प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में खेलने के दिनों के बारे में बात की।

इंग्लैंड के खिलाफ यहीं लगाया था दोहरा शतक

कांबली ने कहा कि, मुझे याद है कि मैंने इंग्लैंड के खिलाफ अपना पहला दोहरा शतक यहीं लगाया था और फिर अपने करियर में कई और शतक लगाए। उन्होंने कहा, अगर कोई भी मेरे या सचिन (तेंदुलकर) की तरह भारत के लिए खेलना चाहता है तो मैं सलाह दूंगा कि आपको कड़ी मेहनत करते रहना चाहिए और ऐसा करना कभी नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि सचिन और मैंने बचपन से ही ऐसा किया था। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर को कांबली का अभिवादन करते देखा गया। पूर्व एमसीए अध्यक्ष विजय पाटिल को भी सम्मानित किया गया। सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा और दिलीप वेंगसरकर जैसे अन्य महान क्रिकेटर भी वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर एमसीए के भव्य समारोह का हिस्सा होंगे।

अभी एक सप्ताह तक सर्दी से राहत मिलने की नहीं दिख रही संभावना

दोपहर में अचानक छाए बादल, बढ़ने लगी कनकनी

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न इलाकों में कड़ाके की ठंड के बीच अचानक बदलाव देखने को मिला। दोपहर में आसमान में बादल छा गए। मौसम विभाग के मुताबिक, ठंड से फिलहाल राहत मिलने की संभावना नहीं है। अगर न्यूनतम तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आती है, तो एक हफ्ते के बाद ही ठंड से राहत मिल सकती है। इस दौरान सुबह के समय कोहरा और दिन में कनकनी का एहसास जारी रहेगा। इस बीच 14 जनवरी को छोड़ 18 जनवरी तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। वहीं न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा।

न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी के बावजूद कम नहीं हुई ठंड

- 18 जनवरी तक सुबह में छाया रहेगा कोहरा
- रांची के न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की हुई बढ़ोतरी
- जगन्नाथपुर में 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया न्यूनतम तापमान

कल साफ रहेगा झारखंड का मौसम

मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों तक सुबह के समय कोहरा छाया रहेगा। इसके बाद दिन में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है, जिससे ठंड और बढ़ेगी। 13 जनवरी को आसमान में बादल रहने की संभावना जताई गई है, जबकि 14 जनवरी को सुबह में कोहरा और दिन में मौसम साफ रहेगा। 15 जनवरी से सुबह में कोहरा और दिन में बादल छाए रहेंगे। यह सिलसिला 18 जनवरी तक जारी रहेगा। राज्य के विभिन्न हिस्सों में ठंड की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जगन्नाथपुर में न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जबकि सरायकेला में उच्चतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी रांची में न्यूनतम तापमान 09.6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

बिहार में बैंक घोटाले में ईडी ने चार को दबोचा

PATNA : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का राष्ट्रीय जनता दल के विधायक और पूर्व मंत्री रहे आलोक मेहता पर शिकंजा कसता जा रहा है। उनकी कई कंपनियों से जुड़े करोड़ों रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में तफ्तीश के दौरान मिले सबूतों और दर्ज बयानों के आधार पर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला बिहार स्थित वैशाली शहरी कॉरपोरेशन बैंक से करोड़ों रुपये का फर्जीवाड़े का है। इस घोटाले में बैंक के चेयरमैन सहित सीईओ और कई अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। इस मामले की तफ्तीश के दौरान मिले सबूतों और दर्ज बयानों के आधार पर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में एक को दिल्ली से दूसरे को कोलकाता से और बाकी दो प्रमुख आरोपितों को बिहार से ही गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के वैशाली शहरी कॉरपोरेशन बैंक के सीईओ विपिन तिवारी और उनके ससुर राम बाबू शांडिल्य (पूर्वांचल सहकारिता बैंक के फाउंडर सदस्य) शामिल हैं। इनके अलावा मनी लॉन्ड्रिंग करने में प्राइवेट पर्सन संदीप सिंह की गिरफ्तारी कोलकाता से हुई है जबकि मनी लॉन्ड्रिंग में सहयोगी प्राइवेट पर्सन नितिन मेहरा को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

- वैशाली शहरी कॉरपोरेशन बैंक से करोड़ों रुपये के फर्जीवाड़े का मामला
- बैंक के चेयरमैन सहित सीईओ और कई अफसरों की भूमिका संदिग्ध

सेहत की चिंता इंफेक्शन होने पर बेअसर होने लगती हैं एंटीबायोटिक दवाएं

ऑपरेशन होने के बाद खतरनाक होता है सुपरबग का अटैक

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : सेहत संबंधी विकारों को प्रारंभिक तौर पर दवाओं से दूर करने का प्रयास किया जाता है। खांसी, सर्दी, बुखार तथा अन्य छोटी-मोटी बीमारियां दवा खाकर दूर करने की सलाह डॉक्टर देते हैं। एक्सीडेंट की स्थिति में अथवा बहुत बार गंभीर शरीर के भीतर के अंगों में बीमारी होने पर सर्जरी के बिना काम नहीं चलता है। सर्जरी होने के बाद घाव को सूखने के लिए एंटीबायोटिक दवाई दी जाती हैं। इस स्थिति में मरीजों को खुद भी सावधानी बरतनी पड़ती है, ताकि किसी प्रकार का घाव में इंफेक्शन न हो। कई इंफेक्शन से घाव ठीक होने में परेशानी आती है। डॉक्टरों के अनुसार, ऑपरेशन के बाद अगर सुपरबग का अटैक घाव पर हो जाए, तो स्थिति गंभीर हो जाती है।सर्जरी के विशेषज्ञ डॉक्टर बताते हैं कि सुपरबग ऐसे बैक्टीरिया और फंगस हैं, जो मुश्किल से ठीक होने वाले संक्रमण का कारण बनते हैं। अधिकतर सुपरबग ऐसे बैक्टीरिया होते हैं, जिन्होंने एंटीबायोटिक प्रतिरोध विकसित कर लिया होता है।

सर्जरी के बाद मरीजों के घावों में घुसकर संक्रमण फैलाने लगते हैं जीवाणु

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की रिपोर्ट में दी गई है विस्तृत जानकारी

- देश में हर साल 15 लाख मरीज आ रहे हैं इस स्थिति की चपेट में
- प्रत्येक वर्ष छोटी-बड़ी मिलाकर लगभग 3 करोड़ होती है सर्जरी
- सभी तरह की सर्जरी के बाद मरीजों में 5.2% है संक्रमण की दर
- हड्डियों के ऑपरेशन या विच्छेदन के बाद होता है सर्वाधिक 54.2% संक्रमण

सर्जिकल साइट की मुकम्मल देखभाल में कमी

हाल में नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की रिपोर्ट में यह चिंताजनक स्थिति उभर कर सामने आई है कि सर्जरी के बाद होने वाले संक्रमण यानी सर्जिकल साइट संक्रमण (एसएसआई) के कारण देश में हर साल तकरीबन 15 लाख मरीजों के घाव खतरनाक सुपरबग की चपेट में आ रहे हैं। रिपोर्ट में यह विस्तार से जानकारी दी गई है कि सभी तरह के ऑपरेशन के बाद मरीजों में सर्जिकल साइट संक्रमण की दर 5.2 फीसद पाई गई है। देश में हर साल छोटी-बड़ी सर्जरी को मिलाकर करीब तीन करोड़ से अधिक मरीजों के ऑपरेशन होते हैं। सर्वाधिक 54.2 फीसदी संक्रमण हड्डियों के ऑपरेशन या विच्छेदन के बाद होता है।

डेवलप किया गया है डाटाबेस

आईसीएमआर ने अस्पताल में मरीजों के रहने और छुट्टी मिलने के बाद एसएसआई के लिए डाटाबेस विकसित किया है। ऐसा सिस्टम स्थापित करने का भारत में यह पहला प्रयास है। रक्त प्रवाह संक्रमण (बीएसआई), मूत्र पथ संक्रमण (यूटीआई) और वेंटिलेटर से जुड़े निमोनिया (वीएपी) को ध्यान में रखते हुए सर्जरी के बाद होने वाले संक्रमण का जोखिम कम करने में सहायता मिल सकती है।

घटनास्थल से मिले ऑटोमेटिक हथियार

छत्तीसगढ़ में जवानों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को किया ढेर

BIJAPUR @ PTI : रविवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मद्देड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदेपारा-कोरंजेड नेशनल पार्क एरिया में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन वर्दीधारी नक्सलियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। सर्चिंग में अब तक तीन वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। मारे गए नक्सलियों के शव के साथ मुठभेड़ स्थल से ऑटोमेटिक हथियार सहित अन्य हथियार एवं विस्फोटक पदार्थ व नक्सल सामाग्री बरामद हुआ है ' बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मौके से तीन वर्दीधारी नक्सलियों का शव बरामद हुआ है, मारे गये नक्सलियों की पहचान की जा रही है। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जाएगी। पुलिस के अनुसार जिले के नेशनल पार्क के जंगल में नक्स्लियों की उपस्थिति की आसूचना पर सुरक्षा बल की टीम नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 11 जनवरी को अभियान पर रवाना हुई थी। सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के जवानों को अपनी ओर बढ़ता देखकर फायरिंग शुरू कर दी।

मोबाइल चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्य धराए, जेल

बासुकीनाथ पहुंचे जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस का चुराया था फोन

AGENCY DUMKA : वर्तमान समय में हर हाथ में मोबाइल फोन रहता है और आए दिन मोबाइल चोरी की प्राथमिकी थाना में दर्ज होती है। बहुत कम लोग ऐसे होते हैं, जिसका चोरी हुआ मोबाइल वापस मिल पता है। लेकिन जब किसी वीवीआईपी का मोबाइल चोरी हो जाए तो पुलिस महकमा काफी सक्रिय हो जाती है और मिलों दूर चोर को पकड़ कर मोबाइल बरामद कर लेती है। ऐसा ही एक मामला दुमका में सामने आया है। जब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक जनवरी को पूजा करने बासुकीनाथ पहुंचे जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल पर चोर ने हाथ साफ कर दिया था। मामला चीफ जस्टिस का था, तो पुलिस भी तत्परता दिखाते हुए बिहार, पश्चिम बंगाल और बांग्ला देश के बॉर्डर से अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चीफ जस्टिस का मोबाइल सहित चोरी के कुल आठ मोबाइल फोन पुलिस बरामद करने में सफल रही। गिरफ्तार अपराधियों में साहिबगंज जिला के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबुपुर गांव निवासी शिवदर्शन महतो, आकाश महतो और बिहार के किशनगंज जिला के किशनगंज थाना क्षेत्र के मछमारा गांव निवासी विजय महतो, पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान जिला के आसनसोल थाना क्षेत्र के नया क्वार्टर कमरबाग गांव निवासी बिरजु नुनिया शामिल है। मामले में जरमुंडी थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल ने रविवार को बताया कि एक जनवरी 2025 को बासुकीनाथ धाम मंदिर में भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर चोरों ने राजस्थान से आए जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल सहित अन्य कई श्रद्धालुओं का मोबाइल चुरा लिया था। इस संबंध में जरमुंडी थाना में मोबाइल चोरी से संबंधित मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारीयों के निर्देश पर अनुसंधान एवं कार्रवाई के लिए छापेमारी टीम का गठन किया गया।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी ● फोटोन न्यूज

साहेबगंज जिला का शामिल था गैंग

तकनीकी साक्ष्य से साहिबगंज जिला के तीन पहाड़ के मोबाइल चोर गैंग की संलिप्तता का पता चला। इसके आधार पर तीन पहाड़ के बाबूपुर गांव से दो मोबाइल चोर को गिरफ्त में लिया गया। इनकी निशानदेही पर बिहार, पश्चिम बंगाल एवं बंगलादेश बार्डर से अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी का मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया । गिरफ्तार अपराधियों को न्यायालय में बयान दर्ज कराते हुए जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। सभी का साहिबगंज के तीन पहाड़ से संबंध रहा है। देवघर एवं बासुकिनाथ मंदिर सहित भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लोगों का मोबाइल गायब करने का काम करते थे। चोरी की मोबाइल को साहिबगंज के तीन पहाड़ भेजा जाता था। जहां से विभिन्न राज्यों एवं बांग्लादेश में बेचा जाता था।

जेईई मेन 2025 : सेंटर इंटीमेशन स्लिप जारी

JAMSHEDPUR : नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन-2025 के पहले सेशन की परीक्षा शहर एवं परीक्षा की तिथियां जारी कर दी गई हैं। इस वर्ष जेईई-मेन पहले सेशन के लिए इतिहास में सर्वाधिक 13 लाख 95 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन किया है, जो गत वर्ष के मुकाबले एक लाख से अधिक है। वहीं झारखंड से इस वर्ष लगभग 22 हजार से अधिक छात्रों ने आवेदन किया है। राज्य में इस परीक्षा के लिए कुल छह शहरों में केंद्र बनाया गया है। इसमें जमशेदपुर, रांची, धनबाद, हजारीबाग, बोकारो व रामगढ़ शामिल है। इस वर्ष जेईई-मेन जनवरी परीक्षा 22 से 30 जनवरी के मध्य संपन्न होगी, जिसमें 22, 23, 24 व 28 एवं 29 जनवरी को दो शिफ्टों में बीई-बीटेक की परीक्षा एवं 30 जनवरी को एक शिफ्ट में बीआर्क की परीक्षा होगी। इस परीक्षा के सेंटर सिटी इंटीमेशन जारी कर दिए गए हैं, जिसमें स्टूडेंट्स के लिए परीक्षा दिनांक एवं परीक्षा शहर का पता जारी किया जा चुका है।

पुल के नीचे मिला युवक का शव, सड़क किया जाम

- मृतक की पहचान महागामा थाना के जगन्नाथपुर निवासी रंजीत पंडित के रूप में हुई

PHOTON NEWS GODDA : जिले के महागामा-ललमटिया मुख्य मार्ग पर केचुआ चौक के पास एक पुल के नीचे रविवार को एक युवक का शव और बाइक मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृत युवक की पहचान महागामा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर निवासी रंजीत पंडित (31) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रंजीत पंडित शनिवार शाम करीब छह बजे अपनी पत्नी से 10 मिनट में लौटने की बात कहकर घर से निकले थे। जब वे रात तक वापस नहीं लौटे, तो परिवार ने उन्हें ढूंढने की कोशिश की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। रविवार सुबह उनकी पत्नी द्रौपदी देवी ने महागामा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं रविवार को ही दोपहर करीब तीन बजे पुल के नीचे रंजीत का शव और बाइक मिला। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद, पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो, एसआई मनोज पाल पहुंचे और छानबीन शुरू की। घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताते हुए शव को मुख्य मार्ग पर रखकर सड़क जाम कर दिया। पुलिस अधिकारियों के समझाने और कार्रवाई के आश्वासन के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद जाम हटाया गया। परिजनों का आरोप है कि रंजीत की हत्या कर शव को पुल के नीचे फेंका गया है, जबकि पुलिस प्रथम दृष्टया इसे सड़क दुर्घटना मान रही है। रंजीत पंडित मूर्तिकार, गायक और अपना डीजे चलाते थे और इन्हीं कार्यों से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना की सूचना मिलने पर उनकी पत्नी और दो छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

BRIEF NEWS

कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का सफल समापन दिखाई अपनी प्रतिभा

RAMGARH : रामगढ़ शहर के गोरियारीबाग स्थित 'द टेम्पल ऑफ वॉरियर्स' में रविवार को कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का समापन हुआ। यह कार्यक्रम शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया और रामगढ़ ब्रांच के संयुक्त तत्वाधान में संचालन आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके शारीरिक एवं मानसिक कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम में 150 कराटेकारों ने भाग लिया, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों की मुख्य प्रशिक्षक मानस सिन्हा (ब्लैक बेल्ट 8वीं डैन) ने ली, जिन्हें तकनीकी सहयोग शिहान नरेंद्र सिन्हा (ब्लैक बेल्ट 7वीं डैन) ने प्रदान किया। आयोजन का समग्र संचालन और मार्गदर्शन शिहान शशि पांडेय (ब्लैक बेल्ट 6वीं डैन) के जरिये किया गया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, रामगढ़ जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय मेवाड़ आदि ने रेखांकित किया।

गुमटी से 115 ग्राम गांजा बरामद

KODERMA : एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप एक गुमटी से 115 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा के साथ मडवाटांड़ निवासी संतोष कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया गया।

जख्मी डीएसपी की हालत में सुधार, जल्द होगी छुट्टी

- डॉक्टर ने किया स्वास्थ्य परीक्षण, रीढ़ की हड्डी में हुआ है माइनर क्रैक ऑपरेशन की जरूरत नहीं

PHOTON NEWS DHANBAD : बाघमारा में हिंसक सड़क में गंभीर रूप से जख्मी हुए डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह की हालत में तेजी से सुधार है। सिर में गंभीर चोट लगने के बाद मिशन अस्पताल दुगार्पुर में उनकी सर्जरी की गई। मिशन अस्पताल दुगार्पुर के डॉक्टरों की मानें तो उनकी स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है।

ब्रेन की सर्जरी के बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। शनिवार को ही वेंटिलेटर से उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया है। रविवार को उनके स्वास्थ्य का परीक्षण डॉक्टरों की टीम ने किया। डॉक्टर की मानें तो एक सप्ताह के बाद अस्पताल से उन्हें छुट्टी मिल सकती है। फिलहाल डीएसपी को भोजन में तरल पदार्थ ही दिया जा रहा है।

जिले के अधिकारी दुर्गापुर जाकर मिले

डॉक्टर के अनुसार डीएसपी की रीढ़ की हड्डी में माइनर क्रैक हुआ है। हालांकि इसके लिए उन्हें ऑपरेशन की जरूरत नहीं होगी। डॉक्टर के अनुसार उसके लिए मात्र एक स्टिच करना है। फिलहाल इसके लिए और विचार-विमर्श किया जा रहे हैं। डीएसपी के शरीर में भी फिलहाल मूवमेंट हो रहा है। जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी डीएसपी से मिलने दुर्गापुर गए। ज्ञात हो कि पिछले दिनों बाघमारा में हिंसक झड़प के दौरान डीएसपी पर भीड़ ने पथराव कर दिया था। इससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। सिर की हड्डी टूट गई थी और अंदर में खून का थक्का जम गया था।

वाहन जांच में बरामद हुई विदेशी शराब

PALAMU : एसपी के निदेर्शानुसार जिले में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार रात को एक बाइक से 4 पेटी विदेशी ब्रांड की बीयर बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि रेहला थाना अंतर्गत महावीर मंदिर रेहलाकला के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध बाइक को रोकने का प्रयास किया गया। बाइक सवार ने चेकिंग से बचने के लिए भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस दल ने तत्परता दिखाते हुए पकड़ लिया।

राहुल तुरी के शव से मामा ने झाड़ा पल्ला पोस्टमार्टम कराने नहीं पहुंचे भाई-बहन

शनिवार को पुलिस ने मुठभेड़ में मारा था, चली थीं 48 गोलियां

AGENCY RAMGARH : मोस्ट वांटेड अपराधी राहुल तुरी उर्फ आलोक के एनकाउंटर में मौत के बाद परिवार वालों ने उससे अपनी दूरी बना ली। राहुल के मामा गणेश तुरी भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के कुर्से गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने सबसे पहले अपना पल्ला झाड़ा है। उन्होंने कहा कि भांजे राहुल से उसका कोई लेना देना नहीं है। ना ही उनकी बहन संगीता देवी और उनके बच्चों से उनका कोई लेना देना है। पुलिस जब उन्हें पोस्टमार्टम हाउस के पास बुलाई तो वे वहां पहुंचे और राहुल के परिवार वालों से अपना नाता तोड़ने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि वह ना तो राहुल तुरी का शव स्वीकार करेंगे और ना ही वह उसके अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। कहते हैं बेटा कितना बड़ा भी अपराधी हो, मां की ममता कम नहीं होती। बेटे की मौत की सूचना पाकर राहुल की मां संगीता देवी अपनी बहन के साथ रामगढ़ पहुंची। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर जमीन पर बैठकर बिलखना शुरू किया। लेकिन उनका साथ देने वाला कोई नहीं था। मूल रूप से बालूमाथ की रहने वाली संगीता देवी वर्तमान में रांची जिले के खलारी क्षेत्र में रहती हैं। दूसरे के घरों में झाड़ू, पोछा और बर्तन धोकर वह अपना पेट पाल रही हैं। लेकिन जब बेटे की मौत की खबर उनके कानों में पहुंची, वह सब छोड़कर यहां आ गई। लेकिन उनके सामने एक बड़ी विडंबना यह थी कि उनके बेटे के अंतिम संस्कार में कोई भी शामिल होने को तैयार नहीं था। यहां तक की उनके गांव समाज के लोगों ने पहले ही उनका बहिष्कार कर रखा था। बिलखती हुई मां ने कहा कि बाप बेटे ने मिलकर पूरा परिवार बर्बाद कर दिया है। उनके तीन बच्चों की जिंदगी नर्क बन गई थी। राहुल तो चला गया, शेष दो बच्चों की जिंदगी अब पहाड़ की तरह ही कटेगी। राहुल के शव का पोस्टमार्टम हो रहा था, तब मां तो पहुंच गई, लेकिन उसकी बहन बरखा और छोटा भाई सत्यम नहीं आया।

पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

बेटियों ने निभाया बेटे का फर्ज पिता की अर्थी को दिया कंधा

PHOTON NEWS CHATRA : समाज में बेटियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। घर की देहरी लांघकर पुरुष के कंधा से कंधा मिलाकर समाज को आगे बढ़ा रहे हैं। गांव समाज में अंतिम संस्कार, श्मशान घाट से लेकर कर्मकांड तक पुरुषों का वर्चस्व रहा है। अब महिलाएं भी आगे आकर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला रहे हैं।

पत्थलगडा प्रखंड के सिंघानी में एक बुजुर्ग का कोई बेटा नहीं था ऐसे में देहांत होने के बाद उनकी तीनों बेटियों ने कंधा देकर पुत्र का फर्ज निभाया है। बेटियों के इस दायित्व का आसपास के लोगों ने सराहना की है।

गांव के बुजुर्ग महावीर बैठा की तीन पुत्रियां हैं। कोई भी पुत्र नहीं रहने के कारण जब कंधा देने के लिए कोई सामने नहीं आया तो बेटियों ने अर्थी को कंधा ही नहीं दिया बल्कि गांव के कहुआ घाट शवयात्रा में भाग भी ली। रविवार को बुजुर्ग की बेटी शकुंतला देवी, दिप्ती देवी और डिम्पल देवी के साथ उनकी भतीजी और अन्य महिलाओं के साथ ग्रामीण भी शव यात्रा में भाग लिए। दिवंगत के भतीजा वशिष्ठ रजक ने मुखाग्नि दी। जब कंधा देने के लिए महावीर बैठा की बेटियां आगे आईं तो गोतिया परिवार सहित गांव के अन्य लोग भी सामने आ गये और सामाजिक रीति रिवाज से अग्नि संस्कार का रश्म पूरा हुआ । महिलाओं के इस कदम की आसपास के लोग काफी सराहना और चर्चा कर रहे हैं।

अर्थी को कंधा देतीं बेटियां ● फोटोन न्यूज

वाहन चालक किए गए जागरूक

KODERMA : पुलिस अधीक्षक, कोडरमा के नेतृत्व में रविवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें एसपी ने लोगों को वाहन चलाने समय हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने का महत्व बताया। यातायात नियम का पालन करने वाले चालकों को गुलाब फूल भेंट किया गया। अभियान में पुलिस उपाधीक्षक (प्रशासन) कोडरमा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी की टीम भी मौजूद थी।

बंद हुआ भूली रेलवे फाटक ओवरब्रिज से परिचालन शुरू

PHOTON NEWS DHANBAD : भूली रेलवे फाटक अब हमेशा के लिए बंद हो गया है। इसके बगल में बनाए गए रेलवे ओवरब्रिज से आम लोगों का आवागमन शुरू कर दिया गया है। ओवरब्रिज का स्थानीय लोगों को लंबे समय से खुलने का इंतजार था। नए वर्ष पर लोगों को ओवरब्रिज का उपहार मिला है। स्थानीय लोगों में इससे काफी खुशी है। इधर रेलवे प्रबंधन में रेलवे फाटक के दोनों और बैरियर लगाकर इसे पूरी तरह से बंद कर दिया है। जल्द ही रेलवे की ओर से आधिकारिक उद्घाटन भी किया जाएगा।

रेलवे फाटक पर करना पड़ता था इंतजार : हावड़ा-दिल्ली रेलवे लाइन होने की वजह से भूली रेलवे फाटक पर काफी देर लोगों को इंतजार करना पड़ता था। व्यस्त रेलवे लाइन होने के कारण अक्सर लोग फाटक के पास खड़े रहते थे। सबसे ज्यादा परेशानी मरीज को ले जा रहे एंबुलेंस को होती थी। कई बार रेलवे फाटक भी तकनीकी वजह से खराब हो जाती थी। इसे लेकर अक्सर हो हंगामा भी होता था। लेकिन अब इन सभी समस्याओं से लोगों को निजात मिल गई है।

भूली से केंदुआ व रांची जाना हुआ आसान : भूली से गोधर लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर है। ओवरब्रिज बनने के बाद अब यहां भारी वाहन भी आवागमन कर सकते हैं।

अब जल्द कुसुंडा रेलवे फाटक के पास भी सड़क की मरम्मत कराई जाएगी। इससे भूली से केंदुआ होते रांची जाने का रास्ता भी सुगम होगा। कई भारी वाहन को शहर आने से बचेंगे, भूली के रास्ते ही राष्ट्रीय उच्च पथ जा सकते हैं।

बंद पड़ा रेलवे फाटक ● फोटोन न्यूज

प्रबंधन ने शुरू की तैयारी, सोमवार को सफेद, मंगलवार को गुलाबी, बुधवार को दी जाएगी हरे रंग की बेडशीट

सदर अस्पताल के मरीजों को हर दिन मिलेगी रंगीन चादर

PHOTON NEWS DHANBAD: सरकारी अस्पतालों में सबसे बड़ी शिकायत मरीजों के बेड पर चादर नहीं बदलने की होती है। अस्पताल में चार से पांच दिनों तक एक ही चादर मरीज के पास रह जाते हैं, लेकिन अब सदर अस्पताल धनबाद में नई व्यवस्था शुरू होने वाली है। इस व्यवस्था के तहत सप्ताह के सात दिन मरीजों को अलग-अलग रंग के चादर दिए जाएंगे। हर दिन के हिसाब से अलग-अलग रंग के बेडशीट मिलेंगे।

इस दिशा में अस्पताल प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है। अस्पताल के नोडल प्रभारी डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि हर दिन मरीजों को अलग-अलग रंग के चादर दिए जाएंगे। वार्ड के बाहर बोर्ड पर भी हर दिन कौन-कौन से रंग के चादर दिए जाएंगे, इसका उल्लेख होगा। इसके पीछे का कारण यह है कि जिस दिन बेड नहीं बदला जाएगा, उस दिन यह पता चल जाएगा कि मरीज गंदे बेड पर है।

सदर अस्पताल की फाइल फोटो

7 दिन में अलग-अलग रंग की होंगी चादर

उन्होंने बताया कि सोमवार को सफेद, मंगलवार को गुलाबी, बुधवार को हरा, गुरुवार को पीला, शुक्रवार को बैंगनी, शनिवार को नीला और रविवार को हल्के भूरे रंग की चादर बिछाई जाएंगी। हर दिन सुबह में मरीजों के चादर बदले जाएंगे। दूसरे दिन फिर दूसरे रंग की चादर दी जाएगी। मरीज को पूरी तरीके से साफ चादर उपलब्ध कराई जाएगी।

सभी मेडिकल कॉलेजों में भी शुरू होनी है व्यवस्था

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने सरकारी अस्पताल सहित सभी मेडिकल कॉलेज को भी निर्देश देकर हर दिन रंगीन चादर देने को कहा है। इसकी शुरुआत पहले सदर अस्पताल से की जा रही है। धीरे-धीरे यह व्यवस्था मेडिकल कालेज पर भी लागू होगी। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में फिलहाल 570 बेड हैं, जबकि सदर अस्पताल में 100 बेड है।

इस माह रिटायर हो जाएंगे मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य समेत पांच प्रोफेसर

DHANBAD : शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज-अस्पताल के प्राचार्य समेत पांच प्रोफेसर 31 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं। रिटायर होने से प्राचार्य समेत कई विभागों के प्रोफेसर के पद खाली हो जाएंगे। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन में मुख्यालय को पत्र लिखकर प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की बहाली की मांग रखी है। 31 जनवरी को मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केके लाल, सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. तारक बाखला, प्रोफेसर डॉ. ज्योति रंजन प्रसाद, नाक कान गला रोग के डॉ. आशुतोष कुमार और सर्जरी के प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार सेवानिवृत हो जाएंगे। इसके बाद यह सभी पद खाली हो जाएंगे।

मेडिकल कॉलेज का कौन बनेंगे प्राचार्य, शुरू हुई खोज : मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. लाल के रिटायर होने से पहले स्वास्थ्य विभाग ने नए प्राचार्य की खोज शुरू कर दी है। इसके लिए मेडिकल कॉलेज से भी कई नाम भेजे जा रहे हैं, जबकि दूसरे मेडिकल कॉलेज से भी यहां प्राचार्य के आने की संभावना है। फिलहाल मुख्यालय रांची में इसे लेकर तैयारी हो रही है। डॉ. लाल यहां मात्र 5 महीने ही प्राचार्य के पद पर रहे। वह 31 जनवरी को पूरा हो रहा है।

मेडिकल कॉलेज में 30 प्रतिशत शिक्षकों की कमी : फिलहाल मेडिकल कॉलेज में 30 प्रतिशत प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की कमी है। 100 एमबीबीएस सीट के लिए यहां शिक्षकों के 189 पद सृजित किए गए हैं, लेकिन 30 प्रतिशत शिक्षक नहीं हैं। इसके साथ ही यहां सीनियर रेजिडेंट और जूनियर रेजिडेंट के भी 20 प्रतिशत पद खाली हैं। प्राचार्य डॉक्टर डॉ. लाल ने बताया कि जल्द शिक्षकों की बहाली की जाएगी। वहीं, मुख्यालय रांची अनुबंध के आधार पर रिटायर होने वाले शिक्षकों की सेवा ले सकता है, इसकी भी तैयारी हो रही है।

पुलिस ने 7 एकड़ में अफीम की खेती को किया नष्ट

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस ने बदंगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कोनसिया गांव में लगभग 7 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। पुलिस अफीम की खेती में शामिल लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने खेत में ट्रैक्टर चला कर फसल को पूरी तरह खत्म कर दिया।

श्री श्याम मंदिर पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल, हुआ भव्य स्वागत

सांसद का स्वागत करते लोग ● फोटोन न्यूज

RAMGARH : रामगढ़ शहर के नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे। यहां उन्होंने श्री बाबा के दरबार में मत्थाटेक कर क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना की। मंदिर के निर्माण कार्य को देखकर उन्होंने प्रशंसा की। इसके बाद उन्होंने मंदिर का निरीक्षण कर ट्रस्ट के पदाधिकारी को भरोसा दिलाया कि मंदिर के लिए जो भी सहयोग यथासंभव जो भी होगा पूरा कराया जाएगा। इस दौरान श्री श्याम सेवा ट्रस्ट समिति ने उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया।इस अवसर पर श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष सांवर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल कुमार गोयल, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, भवन निर्माण मंत्री रमेश कुमार अग्रवाल, कमल बगड़िया जी, सुशील गर्ग जी, शिव कुमार अग्रवाल, दीपक मंगलम, शंभू अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, श्री श्याम परशुरामपुरिया, बाल किशन जलान, इंद्र अग्रवाल सहित अन्य शामिल थे।

BRIEF NEWS

राकेश सिंह बने कांके विधायक के प्रतिनिधि

RANCHI : कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश बैठा ने कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता राकेश सिंह को आई एवं ई-गवर्नेंस विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया। यह नियुक्ति राकेश सिंह द्वारा पिछले 18 वर्षों से कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा, सक्रियता और 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कांके क्षेत्र से जीत में महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए की गई है। राकेश सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। विधायक प्रतिनिधि के रूप में मैं अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाऊंगा और क्षेत्र के लोगों की सेवा करूंगा। वहीं झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष कुमार रोशन ने कहा कि यह हमारे क्षेत्र के लिए गर्व का पल है

रश्मि प्रकाश बनीं राजद की प्रदेश महिला अध्यक्ष

RANCHI : झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने पार्टी मुख्यालय में रश्मि प्रकाश को प्रदेश महिला अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया। इस अवसर पर राजद महासचिव एवं मीडिया प्रभारी कैलाश यादव भी मौजूद थे। संजय सिंह यादव ने रश्मि प्रकाश को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि वह एक सक्रिय और सक्षम नेता हैं। उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में चतरा विधानसभा से राजद के प्रत्याशी के रूप में अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की थी। इस चुनाव में उन्होंने लोजपा उम्मीदवार जनार्दन पासवान को कड़ी टक्कर दी। राजद महासचिव कैलाश यादव ने बताया कि रश्मि प्रकाश एक शिक्षित, कर्मठ और संघर्षशील नेता हैं।

ठगी का अरोपी मुंबई में बेच रहा था चाउमीन, अरेस्ट

RANCHI : राजधानी रांची में 22 लाख 50 हजार रुपये की ठगी करने वाला फरार हो गया था। इसके बाद मुंबई में चाउमीन बेच रहा था। सूचना मिलने पर आरोपी रविंद्र राणा को रांची पुलिस ने मुंबई से अरेस्ट कर लिया है। रांची के सुखदेव नगर पुलिस में मुंबई में छापेमारी कर ठगी के आरोपी रविंद्र राणा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को सुखदेव नगर पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से मुंबई से गिरफ्तार किया है। सुखदेव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी सुखदेव नगर इलाके में एचआर एंटरप्राइजेज नाम की दुकान चलाता था।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के महासम्मेलन को राज्यपाल ने किया संबोधित

पूर्व सैनिकों का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण अनुशासन व सेवा भावना का प्रतीक : गवर्नर

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार रांची स्थित गुरुनानक स्कूल सभागार में आयोजित अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के 'पूर्व सैनिक महासम्मेलन' में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के प्रतीक होते हैं। उनका योगदान समाज और राष्ट्र के लिए अनुकरणीय है, जो हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व सैनिकों ने सीमा पर अपनी जान की बाजी लगाकर देश की रक्षा की है। उनका अनुशासन, साहस और समर्पण हम सभी के लिए मार्गदर्शन है। उन्होंने परिषद की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्था ने वीर सैनिकों को एकजुट किया है, जिससे वे समाज और राष्ट्र की सेवा में निरंतर योगदान दे सकते हैं।

गुरुनानक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय महासम्मेलन संपन्न, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी कार्यक्रम में लिया हिस्सा

कार्यक्रम में भाग लेते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार व अन्य। ● फोटोन न्यूज

प्राकृतिक आपदा में भी भूमिका अहम

पूर्व सैनिकों के योगदान का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने बताया कि उनका योगदान सिर्फ युद्धक्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि प्राकृतिक आपदा जैसे हालात में भी उनकी भूमिका अहम रही है। 1965, 1971 और कारगिल युद्ध जैसी ऐतिहासिक घटनाओं के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं में सहायता और दूरदराज क्षेत्रों में सामाजिक उत्थान में उनकी भूमिका अद्वितीय है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई वन रैंक, वन पेंशन योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को वित्तीय स्थिरता मिली है, जो सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

देशभर में फैला है संगठन

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी ने कहा कि हमारा संगठन देश भर में फैला है। इसके माध्यम से पूर्व सैनिकों और वीर मातृ शक्तियों को मदद पहुंचाई जा रही है। देशभर के कॉलेज और विश्वविद्यालय में नए जेनरेशन से संपर्क कर उनको भारत की विरासत, धरोहर, संघर्ष की क्षमता और राष्ट्र निर्माण के बारे में जानकारी दे रहे हैं। परिषद के अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिंह ने संगठन की कार्य प्रणालियों पर प्रकाश डाला और झारखंड में संगठन का विस्तार करने की बात कहीं। उन्होंने पूर्व सैनिकों और मातृशक्तियों की परेशानियां के बारे में भी जानकारी देते हुए उसका समाधान करने की बात कहीं। इस अवसर पर जीओसी 23 माउंटेन डिविजन मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, संगठन के वरीय उपाध्यक्ष 2022 मार्शल एचपी सिंह, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मातृशक्ति संयोजक माया कौल, कर्नल पीतांबर झा, राजेश पांडे समेत झारखंड राज्य के 10 जिलों से पूर्व सैनिक और मातृशक्ति उपस्थित थी।

समाज की प्रगति में सहायक

राज्यपाल ने आगे कहा कि पूर्व सैनिकों का अनुशासन और नेतृत्व कौशल अब विभिन्न क्षेत्रों में समाज की प्रगति में सहायक बन सकता है, जैसे कि शिक्षा, ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन। उन्होंने यह भी जोर दिया कि पूर्व सैनिकों के बच्चों की शिक्षा, परिवार की सुरक्षा और रोजगार के अवसर सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। राज्यपाल ने बताया कि यह संगठन अब राज्य के 11 जिलों में सक्रिय है।

देश की सेवा के लिए तैयार

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि पूर्व सैनिकों में राष्ट्र प्रथम होता है। देश पर जब भी कोई संकट आता है तो पूर्व सैनिक भी सेवा देने को तैयार रहते हैं। यह भावना उनमें कूट-कूट कर भरी रहती है कि राष्ट्र प्रथम है। केंद्र सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण एवं उनके उत्थान के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैनिकों को मान सम्मान देने का काम किया है। वीर सैनिकों को आदर भाव से सम्मानित किया है। साथ ही कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर केंद्र सरकार गंभीर है और जल्दी उन समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

हिंदपीढ़ी इलाके से लापता दो सगी बहनों के अपहरण की आशंका

PHOTON NEWS RANCHI : हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र की रहने वाली दो नाबालिग लड़कियां शनिवार की शाम से गायब हैं। पुलिस और मोहल्ले वाले दोनों नाबालिग लड़कियों की तलाश में जुटे हुए हैं। सोशल मीडिया सहित दूसरे प्लेटफार्म पर भी दोनों की तस्वीर जारी कर जानकारी साझा करने का आग्रह किया गया है। वहीं, दूसरी तरफ परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए हिंदपीढ़ी थाने में मामला दर्ज करवाया है। रांची के हिंदपीढ़ी ग्वाला टोली की दो नाबालिग लड़कियां अपने घर से अचानक गायब हो गई है। लड़कियों के परिजनों का आरोप है कि एक ऑटो चालक के द्वारा दोनों का अपहरण कर लिया गया है। मामला सामने आने के बाद रांची पुलिस दोनों लड़कियों की तलाश में जुटी हुई है। युवतियों की पहचान रहनुमा प्रवीण (20) और अमरीना असगर (18)

के रूप में हुई है। परिजनों के द्वारा बताया गया है कि दोनों नाबालिग लड़की शनिवार को आधार कार्ड ठीक कराने के लिए अपने घर से कांटाटोली स्थित मंगल टावर गयी थी। लड़की के परिजनो में बताया कि दोपहर एक बजे आधार कार्ड ठीक कराने के बाद दोनों लड़कियां एक ऑटो से हिंदपीढ़ी स्थित अपने घर जाने के लिए बातचीत की। इस बीच ऑटो चालक ने दोनों लड़कियों को हिंदपीढ़ी पहुंचाने के बजाय दूसरे मार्ग में ले गया। दोनों लड़कियों को संदेह हुआ तो उनमें से एक ने अपने पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी। पिता ने बताया कि बातचीत होने के दौरान चालक ने उनकी बेटियों से मोबाइल छीन लिया। इसके बाद दोनों बेटियों से उनकी बातचीत नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलने के बाद हिंदपीढ़ी, सदर थाना और खादगढ़ा टीओपी की पुलिस दोनों लड़कियों की खोजबीन में जुटी हुई है। रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि दोनों लड़कियों की तलाश की जा रही है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड की समस्याओं को आईएएस अधिकारी ने जाना

RANCHI : रविवार को कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य पांडेय की भारतीय प्रशासनिक सेवा की एक माह प्रशिक्षण अवधि पूरे होने पर विदाई दी गई। आदित्य पांडेय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार विजय कुमार को सौंपा। पांडेय स्वतंत्र रूप से एक माह कांके प्रखंड में बीडीओ के पद पर कार्य किए। उन्होंने कहा कि अल्प समय में ग्रामीणों से कार्यालय में तथा क्षेत्र में मिलकर समस्याओं को जाना और त्वरित निष्पादन के कार्य का अनुभव प्राप्त किया। ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता हेतु तैयारी के लिए पुस्तकालय में अच्छी पुस्तकों की उपलब्धता तथा अच्छा माहौल बनाने की आवश्यकता है। मौके पर जिला से परियोजना पदाधिकारी डॉक्टर ऋतुराज सहित प्रखंड के कर्मी पशुपालन पदाधिकारी सुदीप्ता बरियार, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक रंजन गुप्ता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास आदि उपस्थित थे।

पंचायत सचिवालय में रहें पंचायतों के सचिव, कांग्रेस ने उठाई मांग

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को कांग्रेस भवन में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें पंचायत सचिवालय में पंचायत सचिवों के रहने की मांग उठाई गई। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने 73 और 74वें संविधान संशोधन के तहत पंचायत राज और नगर निकाय व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा देने के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के योगदान की सराहना की और आरजीपीआरएस के सभी सदस्यों को जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए बधाई दी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी श्रीवेला प्रसाद ने नगर निकाय चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने की सलाह दी और कुछ टास्क भी सुझाए।

बैठक में शामिल कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

नियमावली में संशोधन का देंगे सुझाव

इसके बाद राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने बताया कि संगठन जल्द ही पंचायती राज मंत्री से मुलाकात करेगा और पंचायत सचिवालय में पंचायत सचिवों को रखा जाए, इस संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। इससे पंचायत सचिवों को मिलने वाले मकान किराया भत्ते में बचत होगी। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि झारखंड पंचायती राज नियमावली 2001 में संशोधन के लिए कुछ सुझाव सरकार के सामने रखे जाएंगे, ताकि त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था के जनप्रतिनिधियों को अधिक लाभ मिल सके। डॉ. प्रदीप कुमार बालमुचू ने इस संगठन को कांग्रेस की नींव बताते हुए कहा कि यह संगठन अपने दायित्वों को बखूबी निभा रहा है। बैठक में सतीश पॉल मुजनी, रियाजुल अंसारी, डॉ. अमित झा, जॉनसन मिंज, अंजनी रंजन, ज्ञान सिंह दोरायबुरू, रितेश तामसोय, समीर सुंडी, त्रिभुवन, फणीश्वर नाथ नीलेश, देवलाल कुमार, संतोष राय, पवन कुमार, विवेक विशाल, योगेंद्र यादव, कंचन देवी, अमृतेश कुमार, आनंद कुमार और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

ठंड से बचाव के लिए अमन यूथ सोसाइटी ने गरीबों में बांटे कंबल

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को अमन यूथ सोसाइटी और निवर्तमान वार्ड 22 की पार्षद नाजिया असलम के सौजन्य से ठंड से बचाव के लिए गरीबों व जरूरतमंद लोगों में कंबल वितरण किया गया। यह कार्यक्रम अमन कम्युनिटी हॉल में हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। पूर्व वार्ड पार्षद और अमन यूथ सोसाइटी के संरक्षक मो असलम ने कहा कि एक सप्ताह पहले नगर निगम के द्वारा वार्ड पार्षद के माध्यम से 140 कंबल का वितरण किया गया था, जो इतनी बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त नहीं थे। इसीलिए हमने सोचा कि सर्दी बढ़



रही है और गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण करना जरूरी है। इस उद्देश्य से आज गरीबों, वृद्धों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कंबल प्राप्त करने के बाद लोगों ने मो असलम और अमन यूथ सोसाइटी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत महिला सामाजिक कार्यकर्ता हुस्ना बेगम ने महिलाओं को कंबल देकर की।

दबोचा गया टीएसपीसी का एरिया कमांडर सुनील मुंडा

RANCHI : राजधानी रांची में स्प्लिंटर ग्रुप के खिलाफ पुलिस ने एक्शन तेज कर दिया है। इस कड़ी में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर सुनील मुंडा सहित दो को गिरफ्तार किया गया है। सुनील मुंडा उर्फ भरतजी हाल के दिनों में रांची के ग्रामीण इलाके में आतंक का पर्याय बना हुआ था। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से कई हथियार भी बरामद किए गए हैं। रांची के बुढ़मू, खलारी, ठाकुरगांव और मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्रों में काम करने वाले कारोबारियों के लिए दहशत का पर्याय बने टीएसपीसी के एरिया कमांडर भरतजी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

नेशनल खेलने नहीं जाएगी झारखंड की स्क्वैश टीम, नाम हटाने से खिलाड़ी निराश

PHOTON NEWS RANCHI : उत्तराखंड में खेले जाने वाले स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए अब झारखंड से टीम नहीं जाएगी। सेलेक्शन ट्रायल के बाद खिलाड़ियों को नहीं भेजने को लेकर एसोसिएशन ने एक पत्र जारी किया है। अब केवल एक खिलाड़ी को नेशनल लेवल पर परफार्मेंस रैंकिंग का हवाला देते हुए चैंपियनशिप में खेलने के लिए बुलाया गया है। इससे बाकी के चुने गए खिलाड़ी निराश हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि झारखंड की टीम नेशनल लेवल पर अब आगे नहीं खेल पाएगी। इससे वे लोग आने वाले टूर्नामेंट में



भी पार्टिसिपेट नहीं कर सकेंगे। चूंकि उनके पास नेशनल में खेलने का अनुभव भी नहीं होगा। इसी के आधार पर नेशनल टीम में जगह मिलती है। वहीं इस मामले में स्क्वैश के स्टेट सेक्रेटरी वरूण कुमार ने कहा कि नेशनल चैंपियनशिप में पार्टिसिपेट करने वालों की रैंकिंग के आधार पर खिलाड़ियों को चुना जाता है। इसमें केवल एक खिलाड़ी को नेशनल कमिटी ने बुलाया है। हालांकि वह नेशनल खेलने वाली 32 खिलाड़ियों वाली टीम में नहीं है। 30 दिसंबर 2024 को झारखंड राज्य स्क्वैश टीम के सेलेक्शन के लिए ट्रायल का आयोजन रांची के क्रॉस कोर्ट में हुआ था। ट्रायल झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में रांची जिला स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन ने आयोजित किया था। ट्रायल में राज्य भर के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

जिला स्कूल मैदान में राष्ट्रीय पुस्तक मेला की तैयारियां शुरू

RANCHI : झारखंड की शैक्षिक और सांस्कृतिक नगरी रांची के जिला स्कूल मैदान में रविवार को भूमि पूजन के साथ लगने वाले 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला की तैयारियां जोरझशोर से शुरू हो गई हैं। यहां 17 से 26 जनवरी तक पुस्तक मेले का आयोजन किया जायेगा। यहां एक ही छत के नीचे हर आयु वर्ग के पाठकों के लिए हिन्दी, अंग्रेजी की पुस्तकें उपलब्ध होंगी। समय इंडिया, नई दिल्ली किताबों को पाठकों से जोड़ने की मुहिम के तहत यह पुस्तक मेला लेकर आया है। पुस्तकों से रूबरू होने की समयावधि प्रातः 11 बजे से रात 7.30 बजे तक की होगी।

स्मरण : राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया नमन

जयंती पर याद किए गए स्वामी विवेकानंद

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को राजधानी रांची में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विवेकानंद की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा है कि सभी देशवासियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। साथ ही कहा है कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श हमें सिखाते हैं कि हर युवा के भीतर बदलाव लाने की शक्ति है। आइए, इस दिन पर हम अपनी जिम्मेदारियों को समझें और एक समृद्ध, शक्तिशाली और

स्वामी विवेकानंद को नमन करते राज्यपाल। ● फोटोन न्यूज

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा है कि देश की समृद्ध संस्कृति को विश्व पटल पर ले जाने वाले, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शत-शत नमन। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी को बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

बाबूलाल मरांडी सहित अन्य नेताओं ने किया याद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित अन्य नेताओं ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि महान युगद्रष्टा और युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें सादर नमन। साथ ही राष्ट्रीय युवा दिवस की आप सभी को शुभकामनाएं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने युग प्रवर्तक, हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान को दुनिया में प्रतिष्ठित करने वाले, आध्यात्मिक गुरू और युवाओं से प्रेरणापुंज स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कोटिशः प्रणाम किया है। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने

भी सोशल मीडिया पर स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने कहा है कि युवाओं के प्रेरणास्रोत एवं महान विचारक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए अपनी प्रतिभा एवं ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग कर देश तथा समाज की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए।

महिला हॉकी इंडिया लीग मैच में ओडिशा ने दिल्ली को 4-0 से हराया

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को मोरहाबादी स्थित जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में महिला हॉकी इंडिया लीग का शानदार आगाज हुआ। मैच को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला। शाम से ही दर्शकों की एंट्री शुरू हो गई थी। रंगारंग कार्यक्रम के बीच पहला मैच दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वॉरियर्स के बीच खेला गया। इसमें शुरूआत से ही ओडिशा की टीम ने दबदबा बनाए रखा। ओडिशा की जानसन एबी ने 16वें और 37वें मिनट में दो गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद ओडिशा की टीम ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। ओडिशा की बलजीत कौर ने 42वें मिनट में तीसरा गोल दाग दिया। तभी अगले

● जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खेला गया पहला मैच ● मैच का उद्घाटन सीएम हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन ने किया

मिनट में फ्रीक मोइस ने 43वें मिनट में एक और गोल कर टीम को 4-0 की बढ़त दिला दी। ओडिशा की टीम के 4-0 से आगे होने के बाद दिल्ली की टीम ने पूरा जोर लगाया। लेकिन, एक भी गोल नहीं कर पाई। लीग का उद्घाटन सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने किया। उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड को हॉकी के लिए जाना जाता है। यहां की बेटियां हॉकी में नाम रोशन कर रही हैं। इस दौरान आतिशबाजी ने सभी का दिल जीत लिया। पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था।

शहरनामा

वीरेंद्र ओझा

कुर्सी पर रखा रुमाल

अब तक हम यही जानते थे कि ट्रेन या बस में लोग रुमाल रखकर कहीं टहल आते थे, लेकिन राजनीति में भी किसी सीट या कुर्सी पर रुमाल रखा जाता है, अब पता चल रहा है। अपने सूबे में इस बात की जोरों से चर्चा हो रही है कि कोल्हान की दो सीटों पर रुमाल ही रखा गया था, जिस पर असली दावेदार बैठने वाला है। अब असली दावेदार कब बैठेगा, यह कहना मुश्किल है। छह माह या एक वर्ष भी लग सकते हैं।

आपको बता दें कि जिसकी चर्चा हो रही है, उसमें दोनों सीट अपने सगे के लिए रखी गई है। एक में आधा दर्जन बार विस की यात्रा कर चुके बैठे हैं, तो दूसरी कुर्सी पर आधा दर्जन बार यात्रा करने वाले वेटिंग लिस्ट में हैं। यह चर्चा एक सप्ताह से ज्यादा जोर पकड़ी है। हर हाल में घी थाली में गिरेगा।

गुड समरिटान बनी खाकी

आमतौर पर खाकी वर्दी धारी ही संकट के समय मदद करते रहते है, इसमें कोई नई बात नहीं है। लेकिन, हाल ही में एक ऐसी घटना हुई, जिसमें खाकी एक घंटे में कौन कहे, आधे घंटे में ही घायल को लेकर अस्पताल

पहुंच गई। यही नहीं, इलाज कराकर उसे वहीं छोड़ दिया, जहां वह घायल हुआ था। अब इस मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग की जा रही है कि आखिर व्यक्ति सड़क दुर्घटना में कैसे घायल हुआ। शुरू में घायल ने बताया था कि उसका सिर डंडे से फूट गया। उसके सिर से खून भी काफी बह रहा था। इलाज कराने के बाद जब वह लौटा, तो उसने बताया कि वह खुद ही सड़क पर गिर गया था। गौर करने वाली बात है कि वह बाइक सवार हेलमेट नहीं पहना था, इसलिए सिर तो फूटना स्वाभाविक था, चाहे जैसे फूटे। डंडे की चोट से या गिरकर।

फल-फूल पर संकट

कोल्हान सहित पूरे झारखंड में फल-फूल पर संकट के बादल हैं। पहले कहा जा रहा था कि पिछले चुनाव में दोनों चिह्न ने अलग होकर लड़ा था, इसलिए उनका बंटाधार हुआ। यही सोचकर इस बार दोनों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा, लेकिन हश्र पिछली बार जैसा ही या कहें, उससे भी बुरा हो गया। इसके साथ ही उन नेताओं पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं, जिन्होंने चुनाव जिताने के लिए पगड़ी पहनी थी। अब ढूंढने से भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। कोल्हान में तो एक-दो की इज्जत बच गई, लेकिन यहां भी पगड़ी पहनने वाले नेता झेंपते नजर आ रहे हैं। लोकल नेता पर तो चुनाव प्रचार के समय से लेकर अब तक बगावत का झंडा बुलंद करने वाले हाथ-पैर धोकर पीछे पड़े हैं। पहले बड़े नेता की सभा में खाली कुर्सी पर पहलवान टाइप नेता को घेरा गया, अब पक्षपात पर सवाल है।

कहां हैं, कुमारजी

अपने शहर में एक तेजतर्रार और दर्जनों उपाधि लेकर चुनाव लड़ने वाले कुमारजी के बारे में पूछा जा रहा है कि अब वे कहां हैं। पहले भी यहां नहीं रहते थे, लेकिन पहले कोई यह बात नहीं पूछता था, क्योंकि चुनाव से एक माह पहले वे छुट्टी लेकर अपने घर आ गए थे। न केवल खूंटा गाड़कर यहां रहे, बल्कि धुआंधार जुबान खर्च किया। उनकी तेज जुबान के आगे कोई नहीं टिक पा रहा था, इससे लगने लगा था कि जुबानी खर्च में तो उनका कोई सानी नहीं है। दूसरे नंबर पर रहे, इसलिए इज्जत वाली हार लेकर चुनावी घर से निकले। उम्मीद की जा रही थी कि वे अब अपना घर छोड़कर यहां से नहीं जाएंगे। अगले पांच साल तक फील्डिंग करते रहेंगे, लेकिन हुआ वही, जो होना था। कुमारजी एक बार फिर भटकने के लिए निकल गए हैं। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

सारंडा से 6 तीर-बम बरामद जंगल में किया गया नष्ट

नक्सल विरोधी अभियान के दौरान कोल्हान के जंगलों में कार्रवाई

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा वन क्षेत्र में भाकपा माओवादी नक्सली के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ते के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों के लिए सक्रिय हैं। पुलिस इनकी गतिविधियों को लेकर कोबरा-209 व 203 बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की 60, 197, 174, 193, 134 और 26 बटालियन के साथ संयुक्त अभियान दल का गठन कर लगातार कार्रवाई कर रही है।

बता दें कि पुलिस ने नक्सलियों का विरोध 10 अक्टूबर 2023 से शुरू किया था। इस अभियान में गोईलकेरा थाना अंतर्गत ग्राम कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा, बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह और टोन्टो थाना अंतर्गत ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है। रविवार को इस अभियान में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोन्टो थाना अंतर्गत तुम्बाहाका और बगान गुलगुलदा के बीच जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा लगाए गए 6 तीर-आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद किए। इन विस्फोटकों को बम निरोधक दस्ते की सहायता से सुरक्षित रूप से बराबर कर जंगल में नष्ट कर दिया गया। नक्सलियों की विध्वंसक गतिविधियों को रोकने और क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए सुरक्षा बलों का यह संयुक्त अभियान अभी लगातार जारी है।

बरामद तीर-बम ● फोटोन न्यूज

समाचार सार

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मंत्री ने किया शिलान्यास

CHAIBASA : राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार व परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा ने रविवार को हाटगम्हरिया प्रखंड में 12 करोड़ की

लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास किया। भवन में चिकित्सक, नर्स व चतुर्थ वर्गीय स्वास्थ्य कर्मियों के क्वार्टर की भी व्यवस्था होगी। इससे 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो पाएगी। इस अवसर पर अंचलाधिकारी ऋषिदेव कमल, जगन्नाथपुर एसडीपीओ रफाएल मुर्मू, जिला परिषद सदस्य प्रमिला पिंगुवा, हाटगम्हरिया थाना प्रभारी अशोक कुमार राय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बलवंत गोप, हाटगम्हरिया के प्रसिद्ध शिक्षाविद नंदकुमार साव, कैलाश गुप्ता, अर्जुन साव, विकास गुप्ता आदि मौजूद थे।

प्राधिकार ने मंडल कारा में बंदियों से की मुलाकात

CHAIBASA : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के

निदेर्शानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वाधान में सहायक एलएडीसी रत्नेश कुमार ने मंडल कारा के बंदियों से मुलाकात की। प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इसमें वैसे बंदियों का पता लगाने का प्रयास किया, जिनके पास अधिवक्ता नहीं हैं या परिजन उनसे मिलने नहीं आते हैं या उन्हें जमानतदार नहीं मिल रहा हो।

क्रिकेट एकेडमी के प्रीमियर लीग का आगाज

GHATSILA : क्रिकेट एकेडमी ऑफ घाटशिला की ओर से आयोजित

अंडर 15 का केग प्रीमियर लीग सीजन 3 का आगाज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कसीदा एथलेटिक्स मैदान में रविवार को हुआ। उद्घाटन मैच कसीदा फाइटर बनाम कॉपर ब्लास्ट कोमसी साइट के बीच खेला गया। उद्घाटन समारोह में तापस चटर्जी, प्रबाल विश्वास, नीलशंकर दत्त, इंद्रजीत घोषाल, काजल बनर्जी, उत्तम सिन्हा, कंचन कर शामिल थे।

देव संस्कृति विद्यालय चंदरी का वार्षिकोत्सव

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर प्रखंड के देव संस्कृति विद्यालय,

चंदरी का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि रांची वीमेंस कॉलेज, रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर सह पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव व समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई थे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भक्ति गीतों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर अनुज चक्रवर्ती, समीर सिंह, सुशांत कुमार, रितिकांत महतो, सरोज महतो, सत्यवती दीदी, डीडी महतो, शशिलता जायसवाल, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा माह के तहत हुआ फुटबॉल मैच

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला में सड़क सुरक्षा जागरूकता के

अंतर्गत चाईबासा में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को टाटा कॉलेज मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन किया। इसमें 6 टीमों ने भाग लिया, जिसमें 40 + ग्रुप की 2 टीम तथा युवा वर्ग की 4 टीम थी। 40 + ग्रुप में मॉर्निंग ग्रुप टीम विजेता रही तथा उपविजेता सुनील एंड सुनील टीम रही। युवा ग्रुप में जनरल हॉस्टल की टीम विजेता तथा आदिवासी हॉस्टल की टीम उपविजेता रही।

टाटा-बरकाकाना-टाटा एक्सप्रेस 15 को रहेगी रद्द

JAMSHEDPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण ट्रेन संख्या 08151/08152 टाटानगर-बरकाकाना- टाटानगर पैसेंजर 15 दिसंबर को रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन नंबर - 22892 रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस 16 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग कोटशिला-पुरुलिया-टाटानगर- खड़गपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कोटशिला- राजाबेड़ा-जमुनियाटांड़ -आद्रा- मेदिनीपुर-खड़गपुर होकर चलेगी।

टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन चुनाव का मतदान आज

JAMSHEDPUR : द गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन चुनाव में सोमवार को मतदान होगा। यूनियन के 30 में से 23 सीटों पर चुनाव हो रहा है। 23 सीटों के लिए 48 प्रत्याशी मुकाबले में है। रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना होगी। मालूम हो कि यूनियन के 30 कमेटी सदस्यों के पदों में 7 पदों पर निर्विरोध चयनित हो गए।

स्वामी जी की प्रेरणा से स्वावलंबी बना भारत : सरयू

मात्र 39 साल की आयु में विवेकानंद ने सनातन के लिए किए असाधारण कार्य

PHOTON NEWS JSR: जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का नाम लेने मात्र से ही एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आज भारत स्वावलंबी हुआ है तो स्वामी जी के उपदेशों पर अमल करने के कारण ही ऐसा हो पाया है। दरअसल, भारत के विकास के मूल में स्वामी जी का आधार है। उन्होंने 39 वर्ष की आयु में देश और विदेश में सनातन धर्म को प्रतिष्ठित करने के लिए जो कार्य किया, वह असाधारण है। वह स्वामी जी की जयंती के अवसर पर स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट द्वारा टेल्को भुवनेश्वरी मंदिर परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान में माल्यार्पण सह बौद्धिक विचार कार्यक्रम में अपने विचार रख रहे थे। सरयू राय ने कहा कि

भुवनेश्वरी मंदिर, टेल्को स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सरयू राय

यह कहा जाता है कि स्वामी जी ने जेआरडी टाटा के साथ एक जहाज में यात्रा करने के दौरान उन्हें यह सुझाव दिया था कि टाटा स्टील की स्थापना इस भूमि पर करनी चाहिए। तब जाकर भारत की पहली स्वदेशी कंपनी के रूप में टाटा स्टील अस्तित्व में आया। स्वामी जी का योगदान शहर के लिए प्राण तत्व है। उन्होंने कहा कि भुवनेश्वरी देवी मंदिर की तलहटी पर बना यह स्थान भी इस आध्यात्मिकता को और बल प्रदान करेगा। इस हमें सजाना और संवारना चाहिए।

निकट भविष्य में ठाकुर जी और मां शारदा को भी यहां स्थापित करने का प्रयास होगा। यहाँ से निकलने वाली किरणें अध्यात्म को आम लोगों के बीच सरल-सुलभ बनाने व मां भुवनेश्वरी एवं श्री कृष्ण की कृपा से विवेकानंद के संदेश को आम जन तक पहुंचाने में कारगर होगा।

भाजपा ने किया स्वामी विवेकानंद को याद

CHAIBASA : भाजपा की जिला कमेटी ने रविवार को रवींद्र भवन में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई। जिला अध्यक्ष संजय पांडे के नेतृत्व में विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने भी अपने विचार रखे और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित विचार गोष्ठी भी हुई।

हिंदू पीठ ने धूमधाम से मनाई विवेकानंद जयंती

बिष्टुपुर में युवाओं को सबोधित करते यामिनी रंजन मिश्रा ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : हिंदू पीठ ने रविवार को बिष्टुपुर स्थित अपने प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती मनाई, जिसमें मुख्य अतिथि लोजपा छात्र संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष यामिनी रंजन मिश्रा ने उपस्थित सैकड़ों युवाओं को संबोधित किया।

हिंदू पीठ के युवा अध्यक्ष प्रकाश दुबे के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में भाजपा नेता गुंजन यादव व अमित अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में युवाओं को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को युवाओं के समक्ष रखा। युवाओं के बीच जिस तेजी से नशे की दस्तक उनके जीवन में बढ़ती जा रही है उससे बचते हुए बचते हुए कैसे अपने जीवन में आगे बढ़ सकते हैं, पर रोशनी डाली।

हिंदू पीठ के अध्यक्ष अरुण सिंह ने हिंदुत्व की लड़ाई लड़ने वाले युवाओं की सहभागिता को सबके सामने रखा।

गोइलकेरा क्रिकेट लीग का होगा विस्तार : जगत माझी

GOILKERA : शहीद देवेंद्र माझी मेमोरियल गोइलकेरा क्रिकेट लीग के पांचवें संस्करण का उद्घाटन रविवार को गोइलकेरा के हाई स्कूल ग्राउंड में हुआ। मनोहरपुर के विधायक जगत माझी ने बैलून उड़ाकर टूर्नामेंट की शुरूआत की। टूर्नामेंट के पहले मैच में पोड़ाहाट पैंथर्स ने किंग स्टार कोयल को 33 रनों से पराजित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के विकास के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। इसके लिए गोइलकेरा क्रिकेट लीग का विस्तार किया जाएगा। इससे पहले ग्राउंड में ही अतिथियों द्वारा शहीद देवेंद्र माझी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष झामुमो नेता अकबर खान और पार्टी के प्रखंड

गुब्बारे उड़ाते विधायक जगत माझी

अध्यक्ष मनसुख गोप भी खिलाड़ियों को संबोधित किया। टूर्नामेंट में प्रखंड की आठ टीमों के बीच 35 मुकाबले खेले जाएंगे। इस अवसर पर आयोजन समिति के सचिव प्रिंस खान, उपाध्यक्ष तारिक अनवर, वसीम खान आदि मौजूद रहे।

भोजपुरी आइडल के ऑडिशन में 52 प्रतिभाओं ने दिखाया हुनर

JAMSHEDPUR : भोजपुरी संस्कृति मंच के तत्वावधान में भोजपुरी आइडल सीजन-2 का ऑडिशन रविवार को हुआ। साकची के मिल एरिया स्थित भरत सिंह के कार्यालय परिसर में 52 प्रतिभाओं ने सुरों का जादू बिखेरा। प्रतिभागियों का मूल्यांकन जज नंदकिशोर पांडे, सुनील सहाय व मनोज सिंह ने किया। इस दौरान मंच के संयोजक सह गीतकार तोमर सत्येंद्र सिंह, शत्रुघ्न सिंह, शक्ति सिंह, गोपी सिंह, संतोष शर्मा, जयमंगल झा व राजीव कुमार भी उपस्थित थे।

रवींद्र संगीत सम्मेलन में कलाकारों ने बांधा समां

साकची स्थित रवींद्र भवन में संगीत प्रस्तुत करते कलाकार ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : टैगोर सोसाइटी के तत्वावधान में चल रहे तीनदिवसीय वार्षिक रवींद्र संगीत सम्मेलन का समापन रविवार को हो गया। अंतिम दिन शांतिनिकेतन के रवींद्र संगीत कलाकार देवाधृत चट्टोपाध्याय ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया, दूसरे कलाकार के रूप में रंजिनी मुखोपाध्याय ने अपनी प्रस्तुति से संगीत प्रेमियों को लुभाया। तीसरे कलाकार शौनक चट्टोपाध्याय के आवाज की खनक रवींद्र संगीत के बोलों को मानों जीवंत कर रही थी। रवींद्र संगीत सम्मेलन के अंतिम कलाकार के रूप में कोलकाता के कलाकार स्वागतालक्ष्मी दासगुप्ता ने अपनी प्रस्तुति दी। सम्मेलन की उत्कृष्टता के पीछे उन वाद्य कलाकारों का अप्रतिम योगदान रहा, जिन्होंने कलाकारों की लयबद्धता को संगीत वाद्यों से जोड़कर उसमें मानों मिश्री घोल दी।

सीपीआई राहरगोड़ा शाखा के सम्मेलन में ज्वाला सिंह बने सचिव

JAMSHEDPUR : भाकपा, राहरगोड़ा शाखा का 35वां सम्मेलन रविवार को गदड़ा स्थित लक्ष्मीनिवास हॉल में हुआ। इसमें शाखा की 19 सदस्यीय कमेटी का चुनाव भी हुआ, जिसमें सचिव ज्वाला प्रसाद सिंह, सहसचिव रंजन पांडे व कोषाध्यक्ष पी. मजूमदार को चुना गया। सम्मेलन में 25 सदस्यों ने भाकपा की सदस्यता ली। इससे पूर्व सम्मेलन की शुरूआत राहरगोड़ा शाखा के वरीय नेता मुद्रिका सिन्हा ने झंडा फहराकर की। उद्घाटन भाषण सम्मेलन के पर्यवेक्षक आरएस राय ने दिया, जबकि सम्मेलन को सीपीआई के जिला सचिव अंबुज कुमार ठाकुर ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में धन्यवाद ज्ञापन छात्र नेता विक्रम कुमार ने किया, जबकि इस दौरान सत्येंद्र सिंह, जयशंकर प्रसाद, निगमानंद पाल, हीरा अरकने, धनंजय शुक्ला, अजय सिंह, रत्नेश सिंह, केके तिवारी, संतोष शर्मा आदि मौजूद थे।

पुष्य नक्षत्र, मकर राशि और शनि देव का बन रहा खास योग, स्वर्णरेखा नदी के तट पर होगी भव्य आरती

मकर संक्रांति कल, 19 साल बाद बन रहे कई शुभ संयोग

PHOTON NEWS JSR : स्नान-दान का महापर्व मकर संक्रांति इस बार 14 जनवरी को ही मनाया जावेगा। भगवान सूर्य नारायण 14 जनवरी को दिन में 03:27 बजे धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। मकर संक्रांति का पुण्यकाल इस बार दिनभर होगा। इस अवसर पर जमशेदपुर के दोमुहानी में हिंदू संगठनों द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें भव्य आरती भी होगी।

आचार्य चेतन पाण्डेय ने कहा कि इस बार मकर संक्रांति मंगलवार दिन को पड़ रहा है। शास्त्र के अनुसार मंगलवार को सूर्य की संक्रांति होने से पित्त, कफ और वात के प्रकोप से प्राणियों को पीड़ा होती है। राजाओं में कलह और अवृष्टि

दुर्भिक्ष होने की अधिक संभावना बनती है। इस बार मकर संक्रांति के प्रभाव से राजनीतिक, सामाजिक उथल-पुथल मच सकती है। लगभग 19 वर्ष बाद इस बार मकर संक्रांति पर अद्भुत संयोग बन रहा है। मकर संक्रांति के दिन पुष्य नक्षत्र भोग करेगा। पुष्य नक्षत्र के स्वामी स्वयं शनिदेव हैं और मकर राशि के भी स्वामी शनि देव ही हैं। यह संयोग स्नान और दान के लिए बहुत ही फायदेमंद माना गया है।

आचार्य ने कहा कि 14 जनवरी को सुबह 10:29 तक पुनर्वसु नक्षत्र है। इसके बाद पुष्य नक्षत्र प्रवेश करेगा। उन्होंने कहा कि इस बार मकर संक्रांति 12 में तीन राशियों के लिए अत्यंत शुभ और लाभकारी समय लेकर आ रहा है। कर्क, तुला और मीन राशि के जातकों के लिए इस बार मकर संक्रांति विशेष लाभदायक होगा। सूर्यनारायण के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही पिछले छह माह से चला आ रहा दक्षिणायन का समापन होगा और उत्तरायण प्रारंभ होगा। उत्तरायण को देवताओं का प्रभात बेला कहा गया है। उत्तरायण होते ही हिंदू धर्मावलंबियों के सभी प्रकार के मांगलिक और शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। आचार्य ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन भगवान भास्कर की पूजा विशेष लाभकारी मानी जाती है। इस दिन तिल का दान को विशेष महत्व दिया गया है। मकर संक्रांति के दिन भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ॐ सूर्याय नमः, ॐ भास्कराय नमः, ॐ मित्राय नमः, ॐ भानवे नमः, ॐ खगाय नमः, ॐ पूषने नमः, ॐ मरिचये नमः, ॐ आदित्याय नमः, ॐ सवित्री नमः, ॐ अर्काय नमः, ॐ हिरण्यगर्भाय नमः भगवान सूर्य के अन्य नामाक्षर मंत्रों का जाप कर सकते हैं।

मकर संक्रांति का शुभ मुहूर्त

इस बार मकर संक्रांति माघ महीने के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाएगा। कई वर्ष के बाद इस बार यह संयोग आया है जब मकर संक्रांति का त्योहार माघ महीने में मनाया जाएगा। ऐसे में इस वर्ष मकर संक्रांति पर स्नान-दान का बहुत लाभप्रद माना गया है। आचार्य पंडित चेतन पाण्डेय ने कहा कि बृहद् ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यदि संक्रांति दिन में हो तो इसका पुण्य कल दिनभर माना गया है। ऐसे में इस बार मकर संक्रांति का पुण्य काल सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक रहेगा। इस दरम्यान कभी भी स्नान-दान किया जा सकता है।

मकर संक्रांति 2025 के शुभ मुहूर्त :

मकर संक्रांति के दिन की पूजा विधि और विशेष मुहूर्त

प्रतिवर्ष की तरह वर्ष 2025 में मकर संक्रांति पर्व 14 जनवरी को मनाया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह सूर्यभगवान और शनिदेव का त्योहार क्योंकि शनिदेव की की मकर राशि में सूर्यदेव का इस दिन गोचर होता है। और, इस दिन पर सूर्य दक्षिणायन पक्ष छोड़कर उत्तरायणपथ से निकलकर गमन करते हैं। इस दिन से दिन बड़े होने लगते हैं। इस दिन व्रत और दान यानी विशेष कर तिल के दान का काफी महत्व माना गया है। इस दिन पूजा करने के बाद जब तक गाय और गरीबों को दान नहीं दिया जाता, तब तक व्रत रखना चाहिए। इस दिन पूजा के बाद तिल-गुड़ की मिठाइयां बांटते हैं।

-सूर्य 14 जनवरी मंगलवार को सुबह 09:03 बजे मकर राशि में प्रवेश करेगा।

-मकर संक्रांति का पुण्य काल- सुबह 09:03 से शाम 05:46 तक।

-मकर संक्रांति का महा पुण्य काल- सुबह 09:03 से सुबह 10:48 तक।

शुभ मुहूर्त

अमृत काल: प्रात: 07:55 से सुबह 09:29 बजे तक।

अभिजीत मुहूर्त: दोपहर 12:09 से दोपहर 12:51 तक।

विजय मुहूर्त: दोपहर 02:15 से दोपहर 02:57 तक।

गोधूलि मुहूर्त: शाम 05:43 से शाम 06:10 तक।

मकर संक्रांति पूजा विधि

संक्रांति के दिन पुण्य काल में दान, स्नान व श्राद्ध करना शुभ माना जाता है।

इस दिन तीर्थों में या गंगा स्नान और दान करने से पुण्य प्राप्ति होती है।

मकर संक्रांति के दिन पावन नदियों में श्रद्धापूर्वक स्नान करें।

इसके बाद, पूजा-पाठ, दान और यज्ञ क्रियाओं को करें।

प्रात:नहा-धोकर भगवान शिव जी की पूजा तेल का दीपक जलाकर करें।

भोलेनाथ की प्रिय चीजों जैसे धतूरा, आक, बिल्व पत्र इत्यादि को अर्पित करें।

भविष्यपुराण के अनुसार सूर्य के उत्तरायन या दक्षिणायन के दिन संक्रांति व्रत करना चाहिए।

इस व्रत में संक्रांति के पहले दिन एक बार भोजन करना चाहिए।

संक्रांति के दिन तेल तथा तिल मिश्रित जल से स्नान करना चाहिए।

इसके बाद सूर्य देव की स्तुति करनी चाहिए। ऐसा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

संक्रांति के पुण्य अवसर पर अपने पितरों का ध्यान और उन्हें तर्पण अवश्य प्रदान करना चाहिए।

सूर्यदेव को अर्घ्य दें। आदित्य हृदय स्तोत्र का 108 बार पाठ करें।

मकर संक्रांति के शुभ मुहूर्त में सिद्ध सूर्य यंत्र को सूर्य मंत्र का जप करके पहनने से सूर्यदेव तरक्की की राह आसान बना देते हैं।

तिल युक्त खिचड़ी, रेवड़ी, लड्डू खाएं एवं दूसरों को भी खिलाएं।

ब्राह्मण को गुड़ व तिल का दान करें और खिचड़ी खिलाएं।

वेदों में वर्जित कार्य- जैसे दूसरों के बारे में गलत सोचना या बोलना, वृक्षों को काटना और इंद्रिय सुख प्राप्ति के कार्य इत्यादि कदापि नहीं करना चाहिए।

जरूरतमंद को कंबल, वस्त्र, छाते, जूते-चप्पल इत्यादि का दान करें।

मकर संक्रांति मंत्र

मकर संक्रांति के दिन सूर्यदेव की निम्न मंत्रों से पूजा करनी चाहिए

- ॐ सूर्याय नम:, ॐ आदित्याय नम:, ॐ सप्तार्चिषे नम:।

मकर संक्रांति:

इसी दिन खुलता है स्वर्ग का द्वार!

मूलत: सूर्य उपासना का अति प्राचीन पर्व मकर संक्रांति प्रतिवर्ष 14 या 15 जनवरी को पूरे उल्लास के साथ सम्पूर्ण भारत सहित कई अन्य देशों में भी किसी न किसी रूप में मनाया जाता है। इसी दिन से वसंत ऋतु की शुरूआत होती है खरीफ की फसलें कट चुकी होती हैं और खेतों में रबी की फसलें लहलहा रही होती हैं खेत में सरसों के फूल मनमोहक लगते हैं। इसीलिए यह पर्व सम्पूर्ण भारत में फसलों के आगमन की खुशी के रूप में भी मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर्व 14 अथवा 15 जनवरी को ही मनाए जाने के पीछे सूर्य की भूमिका का विशेष महत्व है। माना जाता है कि इसी दिन सूर्य देवता इन्द्रधनुषी रंग से मेल खाते अपने सात घोड़ों वाले रथ पर सवार होकर मकर राशि में प्रवेश करते हुए अपनी उत्तर दिशा की यात्रा आरंभ करते हैं जो हमारे जीवन को उजाले से भरने तथा अंधकार से छुटकारे का प्रतीक है। मान्यता है कि इसी दिन सूर्य अपने पुत्र शनिदेव से नाराजगी भुलाकर उनके घर गए थे। कहा जाता है कि महाराज भगीरथ ने अपने पूर्वजों के लिए मकर संक्रांति के ही दिन तर्पण किया था। मकर संक्रांति के दिन सूर्य की कक्षा में होने वाले परिवर्तन यानी सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण में आने को अंधकार से प्रकाश की ओर परिवर्तन माना जाता है। सूर्य प्राय: 14 या 15 जनवरी को ही मकर राशि में प्रवेश करता है इसीलिए उसी दिन मनाए जाने वाले पर्व को 'मकर संक्रांति' कहा जाता है।

यह हिन्दू पर्व भारत के अलग-अलग राज्यों में भी अलग-अलग तरीकों और नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसे लोहड़ी खिचड़ी पर्व पतंगोत्सव इत्यादि नामों से जाना जाता है जबकि मध्य भारत में इसे संक्रांति कहा जाता है। दक्षिण भारत में यह त्यौहार 'पोंगल' उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति को उत्तरायण माघी खिचड़ी पौष संक्रांति भोगाली बिहू शिशुर सेंक्रांत आदि नामों से भी जाना जाता है। नेपाल में इसे माघे संक्रांति या माघी संक्रांति व खिचड़ी संक्रांति श्रीलंका में पोंगल या उझवर तिरूनल बांग्लादेश में पौष संक्रांति थाईलैंड में सोंगकरन म्यांमार में थिंयान कम्बोडिया में मोहा संगक्रान तथा लाओस में पि मा लाओ नाम से मनाया जाता है। कहा जाता है कि मकर संक्रांति से ही दिन तिल-तिल करके बढ़ता है अर्थात् इस दिन से दिन की अवधि रात के समय से अधिक होने लगती है यानी दिन लंबे होने लगते हैं जिससे खेतों में बोए हुए बीजों को अधिक रोशनी अधिक उष्मा और अधिक ऊर्जा मिलती है जिसका परिणाम अच्छी फसल के रूप में सामने आता है। इसलिए इस अवसर का खासतौर से किसानों के लिए तो बड़ा महत्व है।

मकर संक्रांति में 'मकर' शब्द जहां मकर राशि को इंगित करता है वहीं 'संक्रांति' शब्द का अर्थ है संक्रमण अर्थात प्रवेश करना। मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। एक राशि को छोड़कर दूसरी राशि में प्रवेश करने की इस विस्थापन क्रिया को ही संक्रांति कहा जाता है। सूर्य हर माह एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है अर्थात् एक-एक करके वर्षभर में कुल 12 राशियों में प्रवेश करता है। सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है तो उसे 'संक्रांति' कहा जाता है।

पृथ्वी की गोलाकार आकृति और अक्ष पर भ्रमण की वजह से दिन और रात होते हैं। जब पृथ्वी का कोई भाग सूर्य के सामने आता है उस समय वहां दिन होता है जबकि पृथ्वी का जो भाग सूर्य के सामने नहीं होता वहां रात होती है। यह पृथ्वी की दैनिक गति कहलाती है। पृथ्वी सूर्य की एक परिक्रमा 12 महीने में पूरी करती है जिसे पृथ्वी की वार्षिक गति कहा जाता है। इस वार्षिक गति के आधार पर ही दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग समय पर अलग-अलग ऋतुएं होती हैं।

हिन्दू शास्त्रों में मकर संक्रांति को पुण्यदायी पर्व माना गया है। इस दिन श्राद्धकर्म तथा तीर्थ स्नान करना फलदायी माना गया है। इस दिन लाखों श्रद्धालु विभिन्न तीर्थ स्थलों पर पवित्र स्नान करते हैं और तिल से बने पदार्थों का दान करते हैं। गंगासागर पर तो इस अवसर पर तीर्थस्नान के लिए लाखों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है जो इस पर्व की महत्ता को परिलक्षित करता है। मान्यता है कि इस दिन देशभर के किसी भी पवित्र तीर्थ संगम स्थल या गंगा अथवा यमुना के तट पर स्नान करने से आध्यात्मिक शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक ऊर्जा मिलती है। कहा जाता है कि इसी दिन स्वर्ग का द्वार भी खुलता है और इस विशेष दिन को सुख-समृद्धि का दिन माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदियों में स्नान दान पूजा इत्यादि करने से पुण्य प्रभाव हजारों गुना बढ़ जाता है। मकर संक्रांति पर्व 'पतंग महोत्सव' के रूप में भी मनाया जाता है। दरअसल इस दिन लोग न केवल अपने घर की छतों पर या खुले मैदानों में पतंग उड़ाते हैं बल्कि देश के कई हिस्सों में पतंग उडाने की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। चूंकि कड़ाके की ठंड के इस मौसम में सूर्य का प्रकाश शरीर के लिए स्वास्थवर्द्धक स्फूर्तिदायक और त्वचा व हड्डियों के लिए अत्यधिक लाभदायक माना जाता है इसीलिए मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने के पीछे कुछ घंटे सूर्य के प्रकाश में बिताना मुख्य कारण माना जाता है।

मकर संक्रांति के बारे में 25 पौराणिक तथ्य और सत्य

सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के समय को मकर संक्रांति कहते हैं। यह ऋतु परिवर्तन, फसल कटाई और बुवाई, उत्तरायण का त्योहार है लेकिन इसके साथ ही इसके साथ कई पौराणिक तथ्य भी जुड़ें हैं साथ ही कई परंपराएं भी इसके साथ जुड़ी हुई है। जानिए इस संबंध में 25 खास जानकारी।

1. हिन्दू धर्मशास्त्रों के अनुसार मकर संक्रांति के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण गति करने लगते हैं। हालांकि इस बात को लेकर मतभेद हैं।
2. इस दिन से देवताओं का छह माह का दिन आरंभ होता है, जो आषाढ़ मास तक रहता है।
3. इसी दिन सूर्य अपने पुत्र शनि के घर एक महीने के लिए जाते हैं, क्योंकि मकर राशि का स्वामी शनि है।
4. मकर संक्रांति के दिन ही गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं।
5. इसी दिन महाराज भगीरथ ने अपने पूर्वजों के लिए तर्पण किया था इसलिए मकर संक्रांति पर गंगासागर में मेला लगता है। इसीलिए तभी से तर्पण प्रथा भी प्रचलित हुई।
6. इस दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत करके युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी। उन्होंने सभी असुरों के सिरों को मंदार पर्वत में दबा दिया था। इसलिए यह दिन बुराइयों और नकारात्मकता को खत्म करने का दिन भी माना जाता है।
7. महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने का ही इंतजार किया था। कारण कि उत्तरायण में देह छोड़ने वाली आत्माएं या तो कुछ काल के लिए देवलोक में चली जाती हैं या पुनर्जन्म के चक्र से उन्हें छुटकारा मिल जाता है।
8. सूर्य की सातवीं किरण भारत वर्ष में आध्यात्मिक उन्नति की प्रेरणा देने वाली है। सातवीं किरण का प्रभाव भारत वर्ष में गंगा-जमुना के मध्य अधिक समय तक रहता है। इस भौगोलिक स्थिति के कारण ही हरिद्वार और प्रयाग में माघ मेला अर्थात मकर संक्रांति या पूर्ण कुंभ तथा अर्द्धकुंभ के विशेष उत्सव का आयोजन होता है।
9. सूर्य संस्कृति में मकर संक्रांति का पर्व ब्रह्मा, विष्णु, महेश, गणेश, आद्यशक्ति और सूर्य की आराधना एवं उपासना का पावन व्रत है, जोतन-मन-आत्मा को शक्ति प्रदान करता है।
10. संत-महर्षियों के अनुसार इसके प्रभाव से प्राणी की आत्मा शुद्ध होती है। संकल्प शक्ति बढ़ती है। ज्ञान तंतु विकसित होते हैं। मकर संक्रांति इसी चेतना को विकसित करने वाला पर्व है। यह संपूर्ण भारत वर्ष में किसी न किसी रूप में आयोजित होता है।
11. विष्णु धर्मसूत्र में कहा गया है कि पितरों की आत्मा की शांति के लिए एवं स्व स्वास्थ्यवर्द्धन तथा सर्वकल्याण के लिए तिल के छ: प्रयोग पुण्यदायक एवं फलदायक होते हैं- तिल जल से स्नान करना, तिल दान करना, तिल से बना भोजन, जल में तिल अर्पण, तिल से आहुति, तिल का उबटन लगाना।
12. सूर्य के उत्तरायण होने के बाद से देवों की ब्रह्म मुहूर्त उपासना का पुण्यकाल प्रारंभ हो जाता है। इस काल को ही परा-अपरा विद्या की प्राप्ति का काल कहा जाता है। इसे साधना का सिद्धिकाल भी कहा गया है। इस काल में देव प्रतिष्ठा, गृह निर्माण, यज्ञ कर्म आदि पुनीत कर्म किए जाते हैं। मकर संक्रांति के एक दिन पूर्व से ही व्रत उपवास में रहकर योग्य पात्रों को दान देना चाहिए।
13. रामायण काल से भारतीय संस्कृति में दैनिक सूर्य पूजा का प्रचलन चला आ रहा है। मकर संक्रांति सूर्यपूजा का विशेष दिन है। राम कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा नित्य सूर्य पूजा का उल्लेख मिलता है।
14. प्रचलन से मकर संक्रांति के साथ तिल, गुड़, पतंग, गिल्ली डंडा खेलाना आदि कई परंपराएं जुड़ी चली गई।
15. मकर संक्रांति के दिन सूर्य को अर्घ्य देने का खास महत्व है।
16. मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदी में स्नान का भी महत्व है।
17. मकर संक्रांति के दिन दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।
18. मकर और कर्क संक्रांति को छोड़कर संक्रान्ति दिन या रात्रि दोनों में हो सकती है। दिन वाली संक्रान्ति पूरे दिन भर पुण्यकाल वाली होती है।
19. बारह संक्रांतियां 7 प्रकार की, 7 नामों वाली हैं, जो किसी सप्ताह के दिन या किसी विशिष्ट नक्षत्र के सम्मिलन के आधार पर मानी गई हैं। ये हैं- मन्दा, मन्दाकिनी, ध्वांक्षी, घोरा, महोदरी, राक्षसी एवं मिश्रिता।
20. नक्षत्र पर आधारित संक्रांतियां- ध्रुव, मृदु, क्षिप्र, उग्र, चर, क्रूर या मिश्रित कही गई है जिसका अलग अलग फल बताया जाता है।
21. कालांतार में संक्रांति का देवीकरण हो गया और वह साक्षात? दुर्गा कही जाने लगी। जैसे अब वो किसी न किसी वाहन, उप वाहन आदि पर सवार होकर आती है।
22. प्रत्येक संक्रांति के दान भी अलग अलग बताए गए हैं। मेष में भेड़, वृषभ में गायें, मिथुन में वस्त्र, भोजन एवं पेय पदार्थ, कर्क में घृतधेनु, सिंह में सोने के साथ वाहन, कन्या में वस्त्र एवं गौएं, नाना प्रकार के अन्न एवं बीज, तुला-वृश्चिक में वस्त्र एवं घर, धनु में वस्त्र एवं वाहन, मकर में ईंधन एवं अग्नि, कुम्भ में गौएं जल एवं घास, मीन में नए पुष्प दान किए जाने का उल्लेख मिलता है।
23. मकर संक्रांति के सम्मान में अब 3 दिनों या एक 1 दिन का उपवास भी रखा जाता है। जो व्यक्ति तीन दिनों का उपवास रखता है उसकी मनचाही इच्छा पूर्ण होती है। एक दिन का उपवास करने वाला पापों से मुक्ति हो जाता है।
24. मकर संक्रांति को हर प्रांत में अलग अलग रूप में मनाया जाता है। जैसे तमिलनाडु या संपूर्ण दक्षिण भारत में पोंगल के रूप में इसे मनाते हैं। पोंगल तमिल वर्ष का प्रथम दिवस है। असम में माघ बिहू के रूप में, पंजाब, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में लोहड़ी के रूप में और गुजरात में उत्तरायण के रूप में इसे मनाते हैं। सिंध में या सिन्धी समाज लाल लोही के रूप में मनाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में खिचड़ी पर्व के रूप में इसे मनाते हैं। केरल में मकर ज्योति के रूप में मनाते हैं।
25. मकर रेखा दक्षिणी गोलार्द्ध में भूमध्य रेखा के समानांतर 23' 23' 22' पर, पश्चिम से पूरब की ओर खींची गई काल्पनिक रेखा है। मकर रेखा के उत्तर में तथा कर्क रेखा के दक्षिण में स्थित क्षेत्र उष्ण कटिबन्धीय क्षेत्र कहलाता है। 22 दिसम्बर को सूर्य जब मकर रेखा पर लम्बवत चमकता है तो उसके बाद वह उत्तरायण गति करने लगता है। मकर संक्रांति के दिन यह पूर्णत: उत्तरायण हो जाता है।

लोहड़ी के त्योहार का धार्मिक और सामाजिक महत्व

खुशहाली के आगमन का प्रतीक माने जाने वाले लोहड़ी का पर्व पंजाब में खासतौर पर पारम्परिक रीति-रिवाज के साथ मनाया जाता है। लोहड़ी पर्व से जुड़ी एक बड़ी बात यह भी है कि मूल रूप से सिखों के इस त्योहार के दिन का निर्धारण हिंदू पंचांग/कैलेण्डर से होता है।

लोहड़ी पर झूम उठते हैं किसान

हर साल के जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में मनाया जाने वाला यह पर्व किसानों के लिए विशेष रूप से उत्साह लेकर आता है क्योंकि इस पर्व तक उनकी वह फसल पक कर तैयार हो चुकी होती है जिसको उन्होंने अपनी अथक मेहनत से बोया और सींचा था। इस दिन जब लोहड़ी जलाई जाती है तो उसकी पूजा गेहूं की नयी फसल की बालों से ही की जाती है। जाति बंधनों से मुक्त होकर यह पर्व समूचे उत्तर भारत खासकर पंजाब और हरियाणा में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। राजधानी दिल्ली में भी इस पर्व की धूम खूब रहती है। मकर संक्रांति से एक दिन पहले पड़ने वाले इस पर्व पर लोग मस्ती में रहते हैं तथा नाच गाकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं।

इस बार लोहड़ी पर्व की वैसी छटा नहीं

पंजाब में तो इस पर्व पर अलाव जलाकर भांगड़ा नृत्य किया जाता है और मूंगफली, रेवड़ी तथा गजक का प्रसाद बांटा जाता है। इस दिन पंजाबी गायकों की काफी मांग रहती है और विभिन्न इलाकों में वह अपनी गायकी से लोगों को झूमने पर मजबूर कर देते हैं। हालांकि इस बार कोरोना संक्रमण के चलते लगे तमाम प्रतिबंधों की वजह से सामूहिक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित नहीं किये जा रहे हैं। लोग इस बार अपने परिवार के साथ ही लोहड़ी पर्व मना रहे हैं।

लोहड़ी से जुड़ा धार्मिक महत्व

देखा जाये तो दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में जहां इस पर्व को मस्ती भरे अंदाज में मनाया जाता है वहीं पंजाब में इस पर्व का धार्मिक महत्व भी होता है। इस दिन सुबह से ही विभिन्न गुरुद्वारों में श्रद्धालु एकत्रित होना शुरू हो जाते हैं। इसके साथ ही इस दिन अंधेरा होते ही लोहड़ी जलाकर सात चक्कर लगाकर अग्नि पूजा करते हुए तिल, गुड़, चावल और भुने हुए मक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिलचौली कहा जाता है। आग में तिल डालते हुए, ईश्वर से धनधान्य से भरपूर होने का आशीर्वाद मांगा जाता है। ऐसा माना जाता है कि जिसके घर पर भी खुशियों का मौका आया, चाहे विवाह के रूप में हो या संतान के जन्म के रूप में, लोहड़ी उसके घर जलाई जाएगी और लोग वहीं एकत्र होंगे। इस अवसर पर लोग मूंगफली, तिल की गजक और रेवड़ियां आपस में बांटकर खुशियां मनाते है।

पारम्परिक रीति-रिवाज

लोहड़ी पर्व से जुड़ी परम्परा के अनुसार, इस दिन पंजाब में बहुएं घर-घर जाकर लोकगीत गाकर लोहड़ी मांगती हैं और दुल्ला भट्टी के गीत गाती हैं। इस गीत के पीछे यह मान्यता है कि महराजा अकबर के शासन काल में दुल्ला भट्टी एक लुटेरा था लेकिन वह हिंदू लड़कियों को गुलाम के तौर पर बेचे जाने का विरोधी था। उन्हें बचा कर वह उनकी हिंदू लड़कों से शादी करा देता था। गीतों में उसके प्रति आभार व्यक्त किया जाता है।

लोहड़ी से जुड़ी बड़ी बात

पंजाब में नई बहू और नवजात बच्चे के लिए लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इस दिन रेवड़ी और मूंगफली वितरण के साथ ही मक्के की रोटी और सरसों के साग का भोज भी आयोजित किया जाता है। पंजाब के गांवों में तो इस दिन इस तरह के दृश्य आम होते हैं कि परम्परागत वेशभूषा पहले सिख पुरुष और स्त्रियां ढोल की थाप पर लोकप्रिय भांगड़ा नृत्य कर खुशियां मनाते हैं। बच्चों को भी उनका साथ देते देखा जा सकता है। स्त्रियां तो इस अवसर पर अपनी हथेलियों और पांवों पर आकर्षित करने वाली आकृतियों वाली मेहंदी भी रचाती हैं।

खुशियों का संदेशवाहक पर्व है लोहड़ी

लोहड़ी पर विशेष

योगेश कुमार गोयल

लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है।

उत्तर भारत में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में खासतौर से पंजाबी समुदाय में तो इस पर्व पर एक अलग ही उत्साह देखा जाता है। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे ह्यपंजाबी रॉबिनहुडह्ल का दर्जा प्राप्त है।

जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आव्हान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम

होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके।

हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकट्ठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं।

लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया।

गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आदेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा।

लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं। इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिये मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं।

लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रातः अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को 'ईश्वर का उपहार' मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

संपादकीय

पद पर हावी राजनीति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने बड़े. बदलाव किए हैं, जिसमें अब बिजनेसमैन, आईएएस व आईपीएस सरीखे अधिकारी भी विश्वविद्यालय के कुलपति बन सेकेंगे। इस चयन का अधिकार केवल चांसलर का होगा, जिसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। अभी तक शिक्षाविद के तौर पर दस का कार्यकाल आवश्यक था, परंतु अब वे इसके पात्र होंगे, जो संबंधित फील्ड़ के विशेषज्ञ, शोध, उद्योग व लोकप्रशासक का अनुभव हो, जिसमें दस साल काम किया हो तथा उनका ट्रैक रिकॉर्ड. अच्छा हो। कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर पहले भी सरकार पर उंगलियां उठती रही हैं। अब जब उद्योगपतियों व ब्यूरोक्रेट्स की नियुक्ति के मार्ग प्रशस्त किए जा रहे हैं तो चयन को लेकर और भी संदेह उपज सकते हैं। सत्तापक्ष के इशारे पर उसके वफादारों पर पद बंटवारे की आशंकाओं से मुक्त नहीं रहा जा सकता। निःसंदेह उद्योगपतियों को कुलपति जैसे सम्मानित पद पर सुशोभित करने से आर्थिक लाभ मिलने की गुंजाइश बढ़ सकती है। जैसे कि ब्यूरोक्रेट अपने अनुभवों का बेहतरीन इस्तेमाल कर नये मार्ग इजात कर सकते हैं। मगर चयन समितियों के गठन पर उठने वाले सवालों को रोकना भी सरकार और यूजीसी की बड़ी जिम्मेदारी होगी। राज्यपालउन्हीं सिफारिशों पर मुहर लगाता है, जो राज्य सरकारों द्वारा प्रेषित होती हैं। उपने उम्मीदवार को कुलपति चुनने पर राज्यपालों की भी राज्य सरकारों से सीधा टकराव की स्थितियां देखने में आती रही हैं। चूंकि राज्यपाल केंद्र द्वारा नियुक्त होते हैं, इसलिए वे विश्वविद्यालयों के प्रशासन में सीधी दखलंदाजी को आजाद हैं। नये नियमों की अवहेलना करने वाले विश्वविद्यालयों के प्रति यूजीसी का रवैया क्या हो सकता है, यह आने वाला वक्त तय करेगा। क्योंकि जिन राज्यों में विपक्ष की सरकारें हैं, वहां विवाद की स्थितियों को रोकना नामुमकिन होगा। वे स्पष्ट रूप से इसे संघ का एजेंड़ा मानते हैं। जैसे कि केरल के मुख्यमंत्री ने शुरूोआत ही इस मसौदे की आलोचना से की है। सरकार तथा आयोग को ऐसे सम्मानित पदों का शुद्ध राजनीतिकरण करने की बजाए दरम्याना रवैया इख्तियार करने का प्रयास करना होगा।

चिंतन-मनन

श्रद्धा के मुताबिक पूजा

हरेक व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलतः इन समस्त गुणों से परे होता है।

लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलतः वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का।

श्रद्धा मूलतः सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्त्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं। वे शुद्ध सात्त्विक नहीं होते। शुद्ध सत्त्व दिव्य होता है। इसमें रहकर मनुष्य भगवान के स्वभाव को समझ सकता है। जब तक श्रद्धा पूर्णतया सात्त्विक नहीं होती, वह प्रकृति के किसी भी गुण से दूषित हो सकती है। ये दूषित गुण हृदय तक फैल जाते हैं। अतः किसी विशेष गुण के सम्पर्क में रहकर हृदय जिस स्थिति में होता है, उसी के अनुसार श्रद्धा होती है। यदि किसी का हृदय सतोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा भी सतोगुणी है। यदि हृदय रजोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा रजोगुणी और तमोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा तमोगुणी होती है। पूजा इसीके आधार पर होती है।

भारत और तालिबान के नये रिश्ते

डॉ. दिलीप चौबे

देश सचिव विक्रम मिस्त्री और अफगानिस्तान में तालिबान शासन के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच दुबई में गत बुधवार को हुई बैठक से इस क्षेत्र में नये समीकरण बन रहे हैं। अगस्त 2021 में तालिबान के शासन में आने पर भारत में गहरी चिंता व्यक्त की जा रही थी। यह आशंका व्यक्त की जारी थी कि तालिबान से जुड़े हथियारबंद गुट अब कश्मीर का रुख करेंगे। इस क्षेत्र से अमेरिका की वापसी और उसकी हार पाकिस्तान के लिए एक रणनीतिक जीत मानी जा रही थी।

पाकिस्तान में सैन्य और राजनीतिक राजनीतिक विशेषज्ञ खुशी जाहिर कर रहे थे कि भारत को अफगानिस्तान से बेदखल करने में सफलता मिल गई है। इस चुनौतीपूर्ण समय में भारत ने रणनीतिक धैर्य का परिचय दिया। अपनी सारी चिताओं के बावजूद अफगानिस्तान को खाद्यान्न और दवाइयों जैसी मानवीय सहायता मुहैया कराई। मोदी सरकार का पक्ष था कि वह भले ही तालिबान शासन को मान्यता नहीं देती, लेकिन अफगानिस्तान अवाम के साथ सदियों पुराने दोस्ती के रिश्तों को महत्त्व देती है। क्षेत्रीय मंच शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के दो अन्य महत्त्वपूर्ण सदस्य देशों रूस और चीन ने तालिबान शासकों के प्रति अपेक्षाकृत अनुकूल रवैया अपनाया था। रूस मध्य एशिया में शांति और स्थिरता कायम रखने में अफगानिस्तान की भूमिका को महत्त्व देता है जबकि चीन अफगानिस्तान में दुर्लभ खनिज संपदा को हासिल करना चाहता है। इन खनिज संसाधनों पर अमेरिका और पश्चिमी देशों की नजर है। चीन के लिए अफगानिस्तान में अपने रणनीतिक हितों को पूरा करना आसान है। वाखान गलियारे के जरिए दोनों देश आपस में जुड़े हुए हैं। वास्तव में यह गलियारा चीन को अरब सागर तक पहुंचने का एक वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध कराता है। इस संपर्क सुविधा में ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। चाबहार के जरिए अफगानिस्तान होते हुए मध्य एशिया और चीन तक व्यापारिक आवागमन संभव है। यही कारण है कि भारत और चीन के रणनीतिक हितों में साझेदारी है। वैसे चीन को काराकोरम राजमार्ग के माध्यम से पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह तक पहुंच हासिल है। लेकिन इस क्षेत्र में आतंकवादी हमलों के कारण चीन का चुनौतियों का सामना है।

तालिबान के सत्ता में आने के पहले अफगानिस्तान में भारत की व्यापक राजनयिक मौजूदगी थी। काबुल में दूतावास के अलावा देश के प्रमुख शहरों में भारत के वाणिज्य दूतावास थे। इसके जरिए भारत पाकिस्तान पर अंकुश रखता था। यह देखने वाली बात होगी कि नये हालात में तालिबान किस सीमा तक भारत को अपनी राजनयिक मौजूदगी कायम करने की अनुमति देता है। पाकिस्तान चार वर्ष पूर्व जिसे अपनी जीत मान रहा था वह उसकी हर में तब्दील होता हुआ दिखाई दे रहा है। तालिबान अपने देश की परंपरागत नीति को दोहरा रहे हैं कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच की डूरण्ड सीमा कृत्रिम है। तालिबान का यह रूप पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बड़ी चुनौती है। हाल में दोनों देशों के बीच हुआ सैन्य संघर्ष बड़ा रूप ले सकता है।

बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के नाम पर हुए तख्ता पलट को भी पाकिस्तान अपनी जीत मान रहा था। सेना और इस्लामी कट्टरपंथियों की कठपुतली के रूप में सत्ता में बैठे मोहम्मद युनूस को अमेरिका के बाइडन प्रशासन का पूरा समर्थन हासिल था। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के शासन संभालने के बाद मोहम्मद युनूस के लिए समस्या खड़ी हो सकती है। पाकिस्तान की सरकार हजारों किलोमीटर दूर स्थित बांग्लादेश के जरिए भारत के लिए परेशानी पैदा करने का ख्वाब देख रहा है, लेकिन अब उसके पड़ोस में ही अफगानिस्तान के रूप में उसके लिए कहीं बड़ी चुनौती दरपेश है।

चाबहार बंदरगाह पर केंद्रित घटनाक्रम राष्ट्रपति ट्रंप से सत्ता संभालने के बाद नया रूप ले सकता है। यदि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए इस्त्राइल कोई एकतरफा कार्रवाई करता है तो पश्चिम एशिया में नया संघर्ष शुरू हो सकता है। दूसरी और राष्ट्रपति ट्रंप ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों का सहारा लेते हैं तो भारत को इनसे जूझना होगा।

बेमेल के इंडिया गठबंधन को बिखरना एवं टूटना ही था

ललित गर्ग

नरेन्द्र मोदी को सत्ता से उखाड़ फेंकने का ऐलान करने वाला एवं आरएसएस की संविधान विरोधी और विभाजनकारी विचारधारा के खिलाफ बिगुल बजाने के लिये बना बेमेल का इंडिया गठबंधन बनने के सवा साल के अंदर ही बिखर एवं खत्म हो गया लगता है, जब से यह गठबंधन बना तभी से इसमें गहरे मतभेद नजर आते रहे, मुद्दों एवं नीतियों में गहरा बिखराव देखने को मिलता रहा। जितने दल उतनी बातें। अब न मुद्दा एक रहा न मंच। कभी ईवीएम पर अलग-अलग राय तो कभी सम्भल पर, कभी अडानी पर घमासान तो कभी सीटों के तालमेल को लेकर मतभेद। कभी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर विवाद तो कभी विचारों को लेकर विरोधाभास। कभी गठबंधन का नेता बदलने की मांग तो कभी संसद में अपनी अपनी डफली और अपना अपना राग। इन गहरी खाइयों एवं गड्ढ़ों वाले इंडिया गठबंधन ने हरियाणा एवं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ही उलटी गिरती करना शुरू कर दिया था, अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में यह पूरी तरह से बिखर गया है। अब तो दबी जुबान से बोले जाने वाले तीखे बोल सार्वजनिक हो चले हैं। इंडिया गठबंधन को लेकर गठबंधन से जुड़े नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था, चुनाव खत्म हो चुका है तो गठबंधन भी खत्म हो गया।

इनदिनों बिहार और दिल्ली में सियासी पारा कड़ाके की ठंड में भी गर्म है। वजह है कि दोनों ही राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग है एवं साल के अंत तक बिहार में कौन राज करेगा इसकी तस्वीर भी साफ हो जाएगी। लेकिन इससे पहले दिल्ली एवं बिहार में राजनीतिक सरगर्मियों एवं तीखी बयानबाजी के बाद इंडिया गठबंधन टूट के कगार पर पहुंच गया। दिल्ली चुनाव में ह्यआपह्ल और कांग्रेस के बीच की दूरी और सहयोगी दलों के रुख के बाद गठबंधन की टूट तय हो गयी है और इस बात की पुष्टि गठबंधन के नेताओं से बयानों से हो रही है। वैसे तो इंडिया गठबंधन की नाव कांग्रेस के हरियाणा और महाराष्ट्र में हारने के बाद ही हिचकोले लेने लगी थी, लेकिन दिल्ली चुनाव ने तो उसे लगभग डुबा ही दिया है। कांग्रेस के हाथ का साथ छोड़ इंडिया गठबंधन के सभी दल केजरीवाल के झाड़ू के पीछे खड़े हो गए हैं। ममता की तृणमूल हो या अखिलेश यादव की सपा, उद्धव की शिवसेना हो या इंडिया के बाकी दल, सभी कांग्रेस से दूरी बनाते हुए केजरीवाल के साथ खड़े हो गये हैं। कहा जाता है कि राजनीति में कोई स्थाई दोस्त या दुश्मन नहीं होता, इसलिए राजनीति के बनते-बिगड़ते रिश्तों का यह इंडिया गठबंधन सीरियल नये-नये एपिसोड दिखा रहा है। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पडती रही। इस तरह एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष, दोषारोपण और बयानबाजी विपक्ष एकता के लिए घातक सिद्ध हुई।

इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने लोकसभा चुनाव में भले ही अपने लक्षित उद्देश्यों को पाने में तनिक सफलता हासिल की थी, उसने जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड में भी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ा। लेकिन हरियाणा में कांग्रेस ने ह्यआपह्ल से मिलकर चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। अब यही काम ह्यआपह्ल ने दिल्ली में किया, क्योंकि वह राजधानी को अपना गढ़ मानती है। कांग्रेस भी दिल्ली की अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ने को तैयार नहीं, क्योंकि उसने लंबे समय तक यहां शासन किया है। कांग्रेस यह भी जानती है कि दिल्ली में ह्यआपह्ल के प्रति किसी तरह की नरमी बरतने से वह अपनी बची-खुची राजनीतिक जमीन वैसे ही गंवा देगी, जैसे अन्य राज्यों में गंवा चुकी है। लेकिन इसी बीच यह भी बड़ा तथ्य है कि दिल्ली में ह्यआपह्ल एवं कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ती तो यह भाजपा के लिये बड़ी चुनौती थी, अब भाजपा की दिल्ली में जीत की संभावनाएं बढ़ गयी है। एक बड़ा तथ्य यह भी है कि इंडिया गठबंधन के अधिकांश घटक कांग्रेस के वोट बैंक पर कब्जा करके उभरे हैं। यदि कांग्रेस अब केवल मोदी को पछाड़ने के लिये गठबंधन धर्म निभाती है तो जिन चंद राज्यों में उसकी प्रभावी उपस्थिति है, वहां भी वह कमजोर हो जाएगी। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन के घटक दल भी इससे परिचित हैं कि यदि उन्होंने अपने गढ़ों में कांग्रेस के प्रति उदारता एवं सहानुभूमि बरती तो वह उनके उस वोट बैंक को अपने पाले में कर सकती है, जिसे उन्होंने कभी उससे ही छीना था। वास्तव में इंडिया गठबंधन इन्हीं विरोधाभासों के कारण, राजनीतिक जोड़तोड, मजबूरियों एवं विवशताओं के चलते टूट-बिखर गया है।

महाराष्ट्र चुनाव के दौरान भी इंडिया गठबंधन के घटक दलों में तालमेल की कमी देखने को मिली थी। बंगाल में पहले ही कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के विरुद्ध हैं। इसी तरह, दिल्ली में ह्यआपह्ल और कांग्रेस में गठजोड़ नहीं हो पाया। यह कैसा गठबंधन है, जिसमें इतने अंतर्विरोध एवं असहमतियां हों। जहां पार्टियां आम चुनाव में साथ हों, लेकिन राज्यों के चुनाव में आमने-सामने। ऐसे में इन दलों के समर्थकों की उलझन की सहज की कल्पना की जा सकती है और इससे गठबंधन की मूल विचारधारा पर प्रश्न खड़े होने भी स्वाभाविक थे। गठबंधन की सफलता के लिये नीति एवं नियत में एकजुटता जरूरी है। गठबंधन तभी सफलता से चलता है, जब सारे पक्ष थोड़ा-थोड़ा त्याग करें और किसी बड़े लक्ष्य को सामने रखे। क्षेत्रीय पार्टियों की बहुलता और अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग क्षेत्रीय पार्टियों की प्रधानता के चलते भी इस तरह के गठबंधन को लंबे समय तक चला पाना मुश्किल था। चुनावी हार और सत्ता से बाहर होने की स्थिति में तो ऐसे गठबंधन को संभालना लगभग असंभव ही हो गया था। ऐसी स्थितियों में इंडिया गठबंधन का अंतिम सांसें गिनना स्वाभाविक ही रहा है।

भारतीय राजनीति के अतीत में न जाने कितनी बार विपक्षी एकता के प्रयास हुए, लेकिन वे एक सीमा से आगे नहीं बढ़ सके। ऐसे गठबंधनों की सरकारें भी बनी और वे गठबंधन सरकारें कुछ सीमा तक सफल भी हुई। लेकिन किसी भी गठबंधन की सफलता के लिए यह आवश्यक होता है कि उनके पास कोई साझा उद्देश्य हो और नीतिगत स्पष्टता भी हो। स्पष्टता के इसी अभाव के चलते इंडिया गठबंधन अपने लिए कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम नहीं तैयार कर सका। ऐसे गठबंधन की सफलता की एक अनिवार्यता यह भी है कि नेतृत्व करने वाले दल का प्रभुत्व हो, गठबंधन नेता की प्रभावी छवि हो, उसकी स्पष्ट नीति एवं नियत हो, सिद्धान्त एवं विचार भी मजबूत हो, लेकिन इंडिया गठबंधन में ऐसा नहीं रहा, भले ही लोकसभा चुनाव से पहले बहुत जोर-शोर से इंडिया गठबंधन की बैठकें आयोजित हुई हो, पर अब गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी को न गठबंधन की चिंता है और न उसे किसी समन्वय बैठक की जरूरत महसूस हो रही है। कुछ दिन पहले तक कुछ क्षेत्रीय दल इंडिया गठबंधन का नया नेता चुनना चाहते थे, पर इन क्षेत्रीय दलों को यह भी पता है कि कांग्रेस के बिना उनके गठबंधन का कोई खास वजूद नहीं रहने वाला है। बहरहाल, आम लोगों के नजरिये से देखें, तो कई लोग कुछ ठगा हुआ महसूस कर रहे होंगे और इसका असर यह होगा कि भविष्य में बनने वाले किसी भी ऐसे विपक्षी गठबंधन को जनता का विश्वास जीतने एवं गठबंधन को सफल बनाने में मुश्किल आएगी।

